


You Tube Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar

हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की

बरेली, मुरादाबाद, अलीगढ़, आगरा, सहारनपुर मंडल, दिल्ली एनसीआर एवं उत्तराखंड में प्रसारित



रमजान मुबारक 2०26 का टाइम टेबिल......०1

Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in

एआई समित में पीएम मोदी ने दिया भगवान बुद्ध का........०1

वर्ष: ०3 अंक: 215 | बदायूं, शुक्रवार 2० फरवरी 2026 | पृष्ठ- ०8 | मूल्य- 4.०० रूपये

## एआई समिट में पीएम मोदी ने दिया भगवान बुद्ध का यह संदेश, कहा- समझ से होता है सही काम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2०26 के मुख्य सत्र संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पूरी दुनिया से अपील की कि तकनीक के इस दौर में आ रहे बदलावों को मानवता के लिए एक बड़े अवसर में बदलें। पीएम मोदी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की सफलता सही समझ और सही काम पर टिकी है।



संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री ने एआई के भविष्य को लेकर भगवान बुद्ध की शिक्षाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा, भारत बुद्ध की धरती है। भगवान बुद्ध ने सिखाया था कि सही काम हमेशा सही समझ से आता है। उन्होंने जोर दिया कि एआई के लिए एक ऐसा रास्ता (रोडमैप) बनाना जरूरी है, जो सही इरादे और सही समय पर लिए गए फैसलों पर आधारित हो। तभी एआई का असली और सकारात्मक असर दिखेगा। पीएम मोदी ने एक ऐसे एआई इकोसिस्टम की वकालत की, जो संवेदनशील हो और जिसमें इंसान केंद्र में हो। उन्होंने भरोसा जताया कि यह समिट एक नैतिक और जिम्मेदार डिजिटल भविष्य बनाने में मदद करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इतिहास गवाह है कि इंसानों ने हर चुनौती को एक नए मौके में बदला है। आज एआई के रूप में हमारे पास फिर से ऐसा ही मौका है।

सहयोग की अहमियत बताते हुए पीएम मोदी ने कोरोना महामारी का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि उस संकट के दौरान दुनिया ने देखा कि मिलकर काम करने से नामुमकिन भी मुमकिन हो जाता है। वैक्सीन बनाने से लेकर सप्लाई चेन चलाने और लोगों की जान बचाने तक, सब कुछ आपसी सहयोग से ही सफल हुआ। एआई के क्षेत्र में भी दुनिया को इसी तरह साथ आने की जरूरत है। इस समिट में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और दुनिया के बड़े उद्योगपतियों ने भी हिस्सा लिया। यह पहली बार है जब ग्लोबल साउथ के किसी देश में इतना बड़ा एआई समिट हो रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत का विजन सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय है। एआई का इस्तेमाल भी इसी सिद्धांत पर होना चाहिए ताकि पूरी मानवता का भला हो सके।

### एआई समिट के मंच से भारत-यूएई साझेदारी को नई धार

**दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट 2०26 के बीच भारत-यूएई संबंधों को नई मजबूती मिली। समिट में हिस्सा लेने पहुंचे अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से द्विपक्षीय मुलाकात की। इस बैठक में उन्नत तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और रणनीतिक सहयोग को और गहरा करने पर चर्चा हुई। इस बात की जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी। अबू धाबी के क्राउन प्रिंस बुधवार को दिल्ली पहुंचे थे।

## अविमुक्तेश्वरानंद ने कसा तंज

## 1०1 बटुकों का पूजन करने से नहीं धुल सकता माघ मेले में हुई घटना का पाप

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**वाराणसी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा 1०1 बटुकों को घर पर बुलाकर अंगवस्त्रम और तिलक लगाकर पैर छूकर सम्मान करने पर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा कि उन्होंने ये करके अपनी भावना दिखाई है और जताया कि जो प्रयागराज में हुआ वह पाप था उसको धोने के लिए मैं अपना प्रयास कर रहा हूं। इससे प्रयागराज में घटना का पाप नहीं धुल सकता है। 1०1 बटुकों पर पुष्पवर्षा कर और तिलक कर सम्मानित करना कोई कार्रवाई नहीं है, ये राजनीति है।



कहा कि जो वास्तविक पीड़ित है, जिस बटुक की चोटी खींची गई उसके पास जाते कि अपने पसंद के बटुक बुला लिए और चंदन लगा दिए। ये राजनीति नहीं है तो क्या है। उन्होंने कहा कि 2० दिन का अल्टीमेटम 11 मार्च को पूरा हो रहा है। इस दिन लखनऊ जाएंगे और वहीं जांच के बाद जो निष्कर्ष निकलेगा वही घोषित करेंगे।

कहा कि गोरक्षा की मांग को लेकर 11 मार्च को लखनऊ में साधु-संतों और सनातनियों के साथ जाएंगे। कहा कि भाजपा के 1०० से ज्यादा कार्यकर्ता, पूर्व विधायक, अध्यक्ष जैसे पदाधिकारी रक्षा को लेकर प्रदेश सरकार की मनसा स्पष्ट न होने के कारण मेरे शरण में आ रहे हैं और पार्टी को भी छोड़ रहे हैं।

## एक नजर

### राजनाथ सिंह बोले- भारत स्थापित करना चाहता है समतामूलक समुद्री व्यवस्था



**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को विशाखापत्तनम में बहुराष्ट्रीय नौसैनिक अभ्यास मिलन 2०26 का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा है कि भारत अंतरराष्ट्रीय कानून और नौवहन की स्वतंत्रता पर आधारित एक समतामूलक समुद्री व्यवस्था स्थापित करना चाहता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि समुद्री चुनौतियों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा, श्पारंपरिक खतरों के साथ-साथ उभरती चुनौतियां भी मौजूद हैं। समुद्री डकैती, समुद्री आतंकवाद, अवैध मछली पकड़ना, तस्करी, साइबर जोखिम और महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान जैसी समस्याएं गंभीर हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण प्राकृतिक आपदाएं बढ़ रही हैं, जिससे मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियानों की मांग भी बढ़ी है। राजनाथ सिंह ने कहा कि कोई भी एक नौसेना इन चुनौतियों से अकेले नहीं निपट सकती, इसलिए सहयोग अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि अंतरराष्ट्रीय जल से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए श्युनाइटेड नेशंस कन्वेंशन ऑन द लॉ ऑफ द सीश् एक मजबूत कानूनी ढांचा प्रदान करता है। उन्होंने व्यापक वैश्विक नौसैनिक संरचना की जरूरत पर बल दिया, जो सूचना साझाकरण, समुद्री संचार मार्गों की सुरक्षा और आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण सुनिश्चित करे। उन्होंने बताया कि भारत की समुद्री नीति सागर से आगे बढ़कर महासागर दृष्टि तक विकसित हुई है, जो क्षेत्रीय और वैश्विक साझेदारी को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दर्शाती है। उन्होंने कहा कि 74 देशों की भागीदारी के साथ मिलन 2०26 अब तक का सबसे बड़ा और समावेशी संस्करण है, जो भारत पर वैश्विक समुद्री समुदाय के विश्वास को दर्शाता है।

## ऊर्जा मंत्री बोले- छह साल में बिजली की दर न बढ़ाने वाला का पहला राज्य बना यूपी

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि प्रदेश में छह साल से बिजली दर नहीं बढ़ी है। घरेलू उपभोक्ताओं का टैरिफ देश के अन्य राज्यों से कम है। प्रदेश के लोगों को 24 घंटे बिजली मिल रही है। प्रति व्यक्ति खपत 724 यूनिट बिजली है। यह पहली बार हुआ है। वह विधानसभा में नियम 56 के तहत लाए गए स्थगन प्रस्ताव पर जवाब दे रहे थे।



ऊर्जा मंत्री ने कहा कि पहले 12 हजार की अधिकतम बिजली मांग होती थी। अब 31 हजार मेगावाट आपूर्ति का आंकड़ा पार हो गया है। विद्युत वितरण कंपनियों की रेटिंग में सुधार हुआ है। देशस्तर पर हुए सर्वे में पहली बार उत्पादन और ट्रांसमिशन में अवार्ड मिला है। सौर ऊर्जा का उत्पादन 28 हजार मेगावाट हो रहा है। 45 लाख से अधिक उपभोक्ताओं ने राहत योजना का लाभ लिया है। इससे निगमों को आठ हजार करोड़ से ज्यादा राजस्व मिला है। शिकायतें कम करने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रहे हैं।

बिलिंग और स्टीमेट की समस्या सभी सदस्यों ने उठाया है। अब इसमें बदलाव किया गया है। इसी कड़ी में स्मार्ट मीटर की व्यवस्था की गई है। स्मार्ट मीटर में कहीं कोई गड़बड़ी नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि निजीकरण का बेवजह हल्ला मचाने की जरूरत नहीं है। ऊर्जा क्षेत्र में पहली बार सपा शासनकाल में निजी कंपनी आई। हम ऊर्जा क्षेत्र में कोई भी कदम उठाएंगे तो जनता और कर्मचारियों के हित को ध्यान में रखेंगे।

इससे पहले सपा विधायक फहीम अहमद ने कहा कि पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल का निजीकरण करना पूरी तरह से गलत है। उन्होंने निजीकरण प्रक्रिया पर रोक लगाने, बिजली दरों में प्रस्तावित वृद्धि को वापस लेने, स्मार्ट मीटर और बिलिंग से संबंधित किसानों की जांच कराने की मांग की। आरोप लगाया कि 15 लाख से अधिक उपभोक्ताओं के यहां लगाए गए स्मार्ट मीटर जांच में फेल हो गए हैं। विधायक पंकज पटेल और एचएन पटेल ने कहा कि बिजली निगमों द्वारा कई तरह के चार्ज लिए जा रहे हैं। 1० हजार से ज्यादा बिल होने पर कनेक्शन काटा जाता है और फिर वसूली की जाती है।

## 22 फरवरी से जापान दौरे पर जा रहे है सीएम योगी, हाईस्पीड ट्रेन से करेंगे यात्रा

**लखनऊ।** जापान की अत्याधुनिक मैग्लेव (मैग्नेटिक लेविटेशन) ट्रेन, जो चुंबकीय शक्ति के सहारे पटरी से ऊपर हवा में तैरते हुए चलती है, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जापान दौरे का विशेष आकर्षण बनने जा रही है। मुख्यमंत्री अपने जापान प्रवास के दौरान इस हाईस्पीड ट्रेन में 1०० किलोमीटर की परीक्षण यात्रा करेंगे जिसमें 5० किलोमीटर जाना और 5० किलोमीटर की वापसी होगी। मैग्लेव ट्रेन को आधुनिक परिवहन का भविष्य माना जा रहा है। चुंबकीय तकनीक के कारण ट्रेन और ट्रैक के बीच प्रत्यक्ष संपर्क समाप्त हो जाता है, जिससे घर्षण लगभग शून्य हो जाता है। यही कारण है कि यह ट्रेन 6०० किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की गति हासिल करने में सक्षम है। जापान टोक्यो से नागोया के बीच मैग्लेव कॉरिडोर को वर्ष 2०27 तक शुरू करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है, जिसके बाद दोनों शहरों के बीच यात्रा समय आधे से भी कम रह जाएगा। मुख्यमंत्री की इस यात्रा को उत्तर प्रदेश में आधुनिक परिवहन ढांचे के विस्तार की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मैग्लेव जैसी भविष्य की तकनीक का प्रत्यक्ष अनुभव नीति निर्माण और दीर्घकालिक योजना के लिए उपयोगी माना जा रहा है।

## मुफ्त की योजनाओं पर सुप्रीम टिप्पणी: रेवड़ी नहीं रोजगार के अवसर पैदा करें

## सबको फ्री सुविधाएं बांटना गलत

**दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। दरअसल, राज्य सरकार ने कुछ समुदायों के लिए बिजली टैरिफ में सब्सिडी स्कीम की घोषणा की थी। इससे पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी पर फाइनेंशियल दबाव पड़ा। राज्य सरकार के फैसले के खिलाफ पावर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनियों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि राज्यों में अपनाई गई मुफ्त सुविधाओं की संस्कृति आर्थिक विकास में बाधा डालती है।



सुप्रीम कोर्ट की बेंच, जिसमें मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत समेत जजों ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा ज्यादातर राज्य पहले से ही घाटे में हैं, फिर भी विकास को छोड़कर मुफ्त सुविधाएं बांट रहे हैं। कोर्ट ने साफ कहा- जो लोग भुगतान नहीं कर सकते, उन्हें सहायता देना समझ में आता है। लेकिन अमीर-गरीब में फर्क किए बिना सबको मुफ्त देना गलत नीति है। इस दौरान कोर्ट ने चेतावनी दी और कहा अगर सुबह से शाम तक मुफ्त खाना, साइकिल और बिजली मिलती रही तो लोगों में काम करने की भावना कम हो जाएगी।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा, कई राज्य सरकारें भारी कर्ज और घाटे के बावजूद मुफ्त योजनाएं बांट रही हैं। अगर सरकारें मुफ्त पैसे, बिजली या दूसरी सुविधाएं देती रहेंगी, तो आखिर इनका खर्च कौन उठाएगा? अगर सरकारें मुफ्त खाना, साइकिल और बिजली जैसी सुविधाएं देती रहेंगी, तो विकास के कामों के लिए पैसा कहां से आएगा? सीजेआई ने कहा कि कई राज्य पहले से ही घाटे में हैं, फिर भी वे नई-नई कल्याण योजनाएं शुरू कर रहे हैं। कोर्ट ने कैश ट्रांसफर व मुफ्त सुविधाओं की घोषणा करने की वित्तीय समझदारी पर सवाल उठाया और कहा कि राज्यों को मदद बढ़ाने के बजाय रोजगार पैदा करने को प्राथमिकता देनी चाहिए। वहीं कोर्ट ने राज्यों को सलाह दी कि मुफ्त चीजें बांटने के बजाय, रोजगार के अवसर पैदा करने पर ध्यान देना चाहिए। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने पूछा, भारत में हम कैसी संस्कृति बना रहे हैं? क्या यह वोट पाने की नीति नहीं बन जाएगी? फिलहाल, सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार और अन्य पक्षों को नोटिस जारी किया है। अब अगली सुनवाई में तय होगा कि ऐसे मुफ्त बिजली योजनाओं पर क्या नियम लागू होंगे। यह मामला इसलिए बड़ा है क्योंकि कई राज्यों में चुनाव से पहले मुफ्त योजनाएं घोषित होती हैं और इससे सरकारी खर्च बढ़ता है, जिससे आर्थिक संतुलन बिगड़ने का खतरा रहता है। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने साफ संदेश दिया है कि गरीबों की मदद जरूरी है, लेकिन बिना सोच-समझ सबको मुफ्त सुविधाएं देना देश के विकास के लिए सही नहीं है।

## दोनों डिप्टी सीएम से मिले संघ प्रमुख मोहन भागवत

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के बाद राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक से मुलाकात की। इसे एक शिष्टाचार भेंट बताया जा रहा है। हालांकि, प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार और संगठन में फेरबदल की चर्चाओं के बीच सीएम व डिप्टी सीएम से संघ प्रमुख की मुलाकात ने सियासी सरगर्मी बढ़ा दी है। संघ प्रमुख ने दोनों डिप्टी सीएम से बृहस्पतिवार सुबह करीब 1०-1० मिनट के लिए मुलाकात की।



इसके पहले, मुख्यमंत्री बुधवार को रात आठ बजे संघ प्रमुख से मिले राजधानी के निराला नगर स्थित संघ कार्यालय परिसर में सरस्वती शिशु मंदिर पहुंचे। एकांत में दोनों के बीच करीब 35 मिनट तक बातचीत हुई।

संघ प्रमुख दो दिवसीय प्रवास पर राजधानी लखनऊ में थे और बुधवार को उनके प्रवास का अंतिम दिन था। सीएम की भागवत से मुलाकात निहायत ही एकांत में बंद कमरे में हुई। मौजूदा समय में प्रदेश की सियासत के स्तर पर होने वाले बदलाव को देखते हुए इस मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है। दोनों के बीच मुलाकात को भले ही शिष्टाचार बताया जा रहा है किस लेकिन योगी की बार-बार संघ प्रमुख से होने वाली मुलाकातों को लेकर अटकलों का बाजार गरम है।

सूत्रों का कहना है कि इधर बीच जिस तरह से संघ प्रमुख का फोकस यूपी को लेकर दिख रहा है और वह किसी न किसी कार्यक्रम के बहाने यूपी आ रहे हैं। उससे साफ है कि 2०27 में होने वाले विधानसभा चुनाव का ताना-बाना बुनने में संघ परिवार की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। वह जब भी यूपी के दौरे पर होते हैं, सीएम योगी की मुलाकात भी होती रही है। यूपी में अगले साल विधानसभा का चुनाव होने वाला है। इस लिहाज से भी सरकार और संघ के मुखिया की मुलाकात अहम है।

### टीएमसी में शामिल हुए भाजपा विधायक बिष्णु प्रसाद शर्मा

**कोलकत्ता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले दल बदलने का सिलसिला शुरु हो गया है। भाजपा से अलग हुए विधायक बिष्णु प्रसाद शर्मा ने सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस का दामन थाम लिया है। बिष्णु कुर्सियांग से पहली बार विधायक बने हैं। वह कोलकाता में पार्टी के हेडक्वार्टर में टीएमसी में शामिल हुए। शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु और उद्योग मंत्री शशि पांजा ने पार्टी में उनका स्वागत किया। बिष्णु प्रसाद शर्मा ने कहा कि मुझे मेरे गोरखा भाइयों और बहनों ने चुना था, लेकिन मैं उनके लिए काम नहीं कर पाया। भाजपा ने वादे किए लेकिन कुछ नहीं किया। जमीन पर कोई असली काम नहीं हुआ। शर्मा ने बार-बार अलग गोरखालैंड राज्य की मांग का समर्थन किया था, उनका तर्क था कि हिल्स को खास प्रशासन और विकास की जरूरत है। उन्होंने कई बार अलग नॉर्थ बंगाल राज्य की मांग भी उठाई थी।

## पंचायत चुनाव: मतदाता सूची का प्रकाशन अब 15 अप्रैल को

**लखनऊ।** पंचायत चुनाव के चल रहे मतदाता पुनरीक्षणरू2०25 अभियान की समय सीमा बढ़ा दी गई। अब दावे और आपत्तियों के निस्तारण समेत अन्य कार्यवाही 27 मार्च तक होगी। 28 मार्च को राज्य निर्वाचन आयोग अंतिम सूची प्रकाशित करेगा। आयोग ने 18 दिसंबर को प्रारंभिक पुनरीक्षण सूची जारी की थी। इसमें पिछले चुनाव की अपेक्षा कुल 4०.19 लाख मतदाता बढ़े थे। सूची को लेकर आयोग ने दावे और आपत्तियां मांगी थीं। लाखों दावे व आपत्तियां आई हैं। पहले छह फरवरी को अंतिम सूची प्रकाशित की जानी थी लेकिन आयोग अब समयसीमा बढ़ा दी है।




राज्य निर्वाचन आयुक्त आरपी सिंह के मुताबिक सात से 2० फरवरी के बीच दावे और आपत्तियों के निस्तारण के बाद हस्तलिखित पांडुलिपियां तैयार करना, संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन व ऐसे मामलों समेत अन्य दस्तावेजी कार्य किया जाएगा।

21 से 16 मार्च के बीच पूरक सूचियों की कंप्यूटरीकरण की तैयारी व उन्हे मूल सूची में समाहित करने के साथ मतदान केंद्रों व स्थलों का निर्धारण किया जाएगा। 17 मार्च से 27 मार्च तक मतदान केंद्रों का क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डों की मैपिंग, मतदाता क्रमांकन, स्टेट वोटर नंबर का आवंटन आदि काम किए जाएंगे। इसके बाद 28 मार्च को अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी।

# भांजे की शादी में शामिल होने आए मामा को वाहन ने मारी टक्कर



**अमरभास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** भांजे की शादी में शमिल होने जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। वहीं सूचना मिलने पर रिश्तेदार व परिवार के लोग भी रोते-बिलखते पहुंच गए। हादसे के बाद शादी की खुशियां काफूर हो गईं। बिल्सी कोतवाली के गांव दिधौनी निवासी राजवीर सिंह (42 वर्ष) नोएडा में रहते थे। वह उघैती थाना क्षेत्र के ईखखेड़ा गांव में अपने भांजे राजू की शादी में शामिल होने के लिए आए थे। परिजनों ने बताया कि बृहस्पतिवार की सुबह को राजवीर नोएडा से आए थे। बस से उतरने के बाद ईखखेड़ा जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों को हादसे की सूचना दी। उनकी मौत से उनके भांजे राजू की शादी का माहौल गमगीन हो गया। थानाध्यक्ष उदयवीर सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हुई है।

# संस्कृति विवि में विशेषज्ञ वक्ता ने बताए कृषि क्षेत्र में कैरियर



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** संस्कृति स्कूल आफ एग्रीकल्चर द्वारा एग्रीकल्चर ग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट के लिए करियर के मौके विषयक एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ वक्ता ने विद्यार्थियों को बताया कि कृषि क्षेत्र में स्नातक और परास्नातक की डिग्री लेने के बाद कैरियर के लिए कौन-कौन से मौके उपलब्ध हैं। इस उपयोगी कार्यक्रम के दौरान आईएसएबी, ग्रेटर नोएडा के संस्थापक सुरभ पांडे ने बताया कि आज के दौर में कृषि क्षेत्र में बहुत तेजी से बदलाव आ रहा है। कृषि क्षेत्र में नए-नए शोध और नए-नए प्रयोग किए जा रहे हैं। इन शोधों और प्रयोगों से कृषि में क्रांतिकारी परिवर्तन हो रहे हैं। यही वजह है कि इस क्षेत्र में काम करने और अपना कैरियर बनाने के अनेक मौके उपलब्ध हैं। उन्होंने कार्यक्रम की शुरुआत योग और मेडिटेशन से की, और बताया कि ये प्रैक्टिस सभी को शांति और अच्छी हेल्थ देती हैं। उन्होंने भारत और दुनिया भर में एग्रीकल्चर सेक्टर के बड़े और बढ़ते दायरे पर जोर दिया। सरकारी सेक्टर की नौकरियों, रिसर्च और एकेडमिक करियर, एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट और मल्टीनेशनल एग्री-इनपुट कंपनियों में मौके, एग्री-स्टार्टअप और एंटरप्रेन्योरशिप, एग्री-टेक, डिजिटल एग्रीकल्चर, डेटा-ड्रिवन फार्मिंग, एग्री-कंसल्टेंसी, और बैंकिंग, इंश्योरेंस और रूरल डेवलपमेंट सेक्टर में करियर समेत कई करियर मौकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में एक एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें लगभग १०० स्टूडेंट्स ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बीएससी (एग्रीकल्चर) के छात्र श्रीयांश गुप्ता ने प्रथम स्थान, दूसरा स्थान छात्रा महक अग्रवाल (बायोटेक्नोलॉजी) को और तीसरा स्थान छात्र वाई. नागा बाबू रवेंद्र बीएससी( एग्रीकल्चर) ने हासिल किया। प्रोग्राम का अंत स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर के डीन डॉ. कंचन कुमार सिंह के धन्यवाद भाषण के साथ हुआ।

# आरएसएस के कारण ही अपने को हिंदू कहने पर करते हैं गर्व




**अमरभास्कर, ब्यूरो**

**कादरचौक।** राधाकांत मंदिर के रामलीला मंच पर बुधवार को विराट हिंदू एकता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की शुरुआत जातपात की करो विदाई, हिंदू सब हैं भाई-भाई के उद्घोष के साथ हुई।

हिंदू जागरण मंच के संगठन मंत्री एवं सम्मेलन के मुख्य अतिथि गोपाल ने कहा कि हिंदू एकता के लिए जातपात छोड़ना होगा। अगर, असंगठित हुए तो देश पर फिर विभाजन के बादल मंडराने लगेंगे। विराट हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ प्रार्थना व दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि दूसरे समुदाय के जनसंख्या बढ़ रही है, इससे गजवा-ए-हिंद को बढ़ावा मिलेगा। इससे सावधान रहने की जरूरत है। कहा कि आरएसएस के कारण आज हम अपने को हिंदू कहने पर गर्व करते हैं। प्रकाशानंद आर्य ने कहा की दुनिया का सबने प्राचीन धर्म वैदिक सनातन धर्म है। हमारे संस्कार और सभ्यता को मिटाए जाने की साजिश हो रही हैं। इसे हम सभी को समझना होगा। वेद प्रचारक प्रणव मिश्रा ने लव जिहाद जैसे छल से बचने का आह्वान किया। विभाग प्रचार सुधांशु ने आरएसएस कार्यकर्ताओं के स्वतंत्रता आंदोलनों में अनेक कष्ट झेलने की बात कही।

विराट हिंदू सम्मेलन के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से विधायक धर्मेंद्र शाक्य, करन सिंह भदौरिया, मनोज राघव, महंत ऋषिदास, सुमित कुमार, महावीर सिंह राठौर, ब्लॉक प्रमुख वीरेंद्र राजपूत रहे।

# बाजार गई मां-बेटी लापता, अनहोनी की आशंका





**अमरभास्कर, ब्यूरो**

**खंदौली।** थाना क्षेत्र के एक गांव से बाजार जाने के लिए निकली मां-बेटी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गईं। घटना के बाद परिवार में चिंता का माहौल है। जानकारी के अनुसार 35 वर्षीय महिला अपनी 11 वर्षीय बेटी के साथ 13 फरवरी की सुबह घर से बाजार जाने की बात कहकर निकली थीं, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटीं। परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारी में तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद पति ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पीड़ित पति ने एसीपी देवेश कुमार से मुलाकात कर जल्द बरामदगी की मांग की। थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर जांच की जा रही है। मोबाइल लोकेशन और संभावित स्थानों के आधार पर पुलिस टीम तलाश में जुटी है। अधिकारियों का कहना है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द मां-बेटी को सकुशल बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### मंडलायुक्त की समीक्षा बैठक में कर वसूली और आईजीआरएस प्रगति पर जोर



**अमरभास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** मंडलायुक्त नगेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में मंडल स्तरीय कर-करेत्तर एवं आईजीआरएस की समीक्षा बैठक लघु सभागार में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न मदों में कर वसूली की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को मासिक लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। वाणिज्य कर में मथुरा को छोड़कर अन्य जिले लक्ष्य से पीछे पाए गए। स्टाम्प एवं पंजीकरण में आगरा और फिरोजाबाद, आबकारी में आगरा, परिवहन एवं विद्युत में फिरोजाबाद और मैनपुरी तथा खनिज मद में फिरोजाबाद और मैनपुरी लक्ष्य से पीछे रहे। नगर निकाय और विधिक माप विभाग में आगरा की खराब प्रगति पर सुधार लाने के निर्देश दिए गए। आईआरएस समीक्षा में बताया गया कि जनवरी माह में मंडल की रैंक ९ रही। शिकायतकर्ताओं से संपर्क बढ़ाने तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कुछ विभागों के अधिकारियों पर असंतोषजनक फीडबैक को लेकर नाराजगी भी व्यक्त की गई। बैठक में अपर आयुक्त न्यायिक कंचन शरण, अपर आयुक्त प्रशासन राजेश कुमार, जिलाधिकारी फिरोजाबाद रमेश रंजन, जिलाधिकारी मैनपुरी अंजनी कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### मोबाइल विक्रेता की दुकान पर जीएसटी टीम का छापा

**अमरभास्कर, ब्यूरो**

**सहसवान( बदायूं )।** कस्बे में बुधवार शाम नगर के तहसील रोड स्थित एक मोबाइल विक्रेता की दुकान पर जीएसटी विभाग की टीम ने अचानक छापा मारकर हड़कंप मचा दिया। उत्तर प्रदेश सरकार लिखी दो गाड़ियों में पहुंचे अधिकारियों ने दुकान में प्रवेश कर अभिलेखों की गहन जांच शुरू कर दी। देर शाम तक कार्रवाई जारी रहने से बाजार क्षेत्र में चर्चाओं का दौर चलता रहा। इस वजह से आसपास के व्यापारी दुकानें बंद कर भाग निकले। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बुधवार शाम करीब सात बजे दो कारों में सवार अधिकारी सीधे दुकान पर पहुंचे। टीम के सदस्यों ने अंदर जाकर व्यापारी को अपना परिचय दिया और आवश्यक कागजातों की जांच प्रारंभ कर दी। अचानक हुई इस कार्रवाई से आसपास के व्यापारियों और राहगीरों में कौतूहल की स्थिति बन गई और मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। हालांकि, टीम के सदस्यों ने भीड़ को वहां से हटाते हुए जांच कार्य में व्यवधान न डालने की हिदायत दी।अधिकारियों ने बिक्री से संबंधित दस्तावेज, स्टॉक रजिस्टर, जीएसटी रिटर्न एवं अन्य वित्तीय अभिलेखों का मिलान किया। देर शाम तक टीम दुकान के अंदर मौजूद रहकर कागजी कार्रवाई और पूछताछ में जुटी रही। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह ने बताया कि उन्हें इस कार्रवाई की पूर्व सूचना नहीं थी और न ही स्थानीय पुलिस को कोई औपचारिक जानकारी दी गई है।

# आगरा एयरपोर्ट का नाम अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर रखने को प्रस्ताव

**अमरभास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** एस. पी. सिंह बघेल (केंद्रीय राज्य मंत्री) की अध्यक्षता में खेरिया स्थित एयरपोर्ट सभागार में आगरा हवाई अड्डा सलाहकार समिति (एएसी) की बैठक आयोजित हुई। बैठक में न्यू सिविल एन्क्लेव धनौली के निर्माण कार्यों की प्रगति, नई उड़ानों के विस्तार, यात्री सुविधाओं और एयरपोर्ट के नामकरण सहित कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। बैठक में बताया गया कि धनौली स्थित निर्माणाधीन सिविल टर्मिनल 441.79 करोड़ रुपये की लागत से 144.०7 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है। अब तक लगभग 55 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है तथा ३० सितंबर २०26 तक परियोजना पूर्ण कर हैंडओवर करने का लक्ष्य निर्धारित है। केंद्रीय मंत्री ने प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कार्य को दिसंबर २०26 तक सकारात्मक रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। ब्रज संस्कृति की झलक दिखेगी नए टर्मिनल में मंत्री ने सुझाव दिया कि नवीन टर्मिनल भवन का अग्रभाग (फसाड) इस प्रकार विकसित किया जाए, जिससे आगरा और ब्रज क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हो। उन्होंने वर्तमान दो लाल पत्थर के गुंबदों के बीच सफेद पत्थर का गुंबद स्थापित करने का भी सुझाव दिया, ताकि स्थानीय स्थापत्य की झलक उभर सके। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा एयरपोर्ट नए टर्मिनल में 19 चेक-इन काउंटर, तीन एरोब्रिज, मल्टीलेवल पार्किंग, इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन, सौर ऊर्जा संयंत्र, डिजीयात्रा प्रणाली, वर्षा जल संचयन प्रणाली सहित आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। नई उड़ानों के विस्तार पर चर्चा बैठक में आगरा से गुवाहाटी, शिलांग, कोलकाता, जम्मू, सूरत, चेन्नई, गोवा और वाराणसी (बौद्ध सर्किट) के लिए उड़ानें शुरू करने की संभावनाओं पर चर्चा की गई। इससे पर्यटन और व्यापार को नई गति मिलने की उम्मीद जताई गई नामकरण का प्रस्ताव पारित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मस्थली बटेश्वर (आगरा) होने के आधार पर एयरपोर्ट का नाम उनके नाम पर रखने का प्रस्ताव समिति द्वारा पारित किया गया। साथ ही प्रतीक्षालय का नाम शहीद पृथ्वी सिंह चौहान के नाम पर रखने का प्रस्ताव भी स्वीकृत हुआ। मंत्री ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि धनौली गांव की सड़क का विपथन कार्य शीघ्र पूरा किया जाए तथा नाला निर्माण समयबद्ध तरीके से कराया जाए, ताकि बरसाती पानी टर्मिनल परिसर में प्रवेश न कर सके। न्यू सिविल एन्क्लेव की एप्रोच रोड चौड़ी करने और क्षेत्र को नगर निगम सीमा में शामिल करने की प्रक्रिया भी आगे बढ़ाने को कहा।

# २० फरवरी को संजय पैलेस में वृहद ऋण वितरण शिविर




**अमरभास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** लीड बैंक प्रबंधक ऋषिकेश बनर्जी ने बताया कि राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के निर्देशानुसार २० फरवरी २०26 को अवध बैंकट हॉल, संजय पैलेस में वृहद ऋण वितरण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का आयोजन केनरा बैंक (जिला अग्रणी बैंक) द्वारा किया जा रहा है, जिसमें कृषि और एमएसएमई क्षेत्र की विभिन्न केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के अंतर्गत ऋण वितरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, ओडीओपी योजना, पीएम सूर्य घर योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना तथा पीएम मुद्रा योजना प्रमुख रहेंगी। चयनित लाभार्थियों को चेक वितरित किए जाएंगे तथा उत्पादों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

# लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस नेताओं ने किया धरना प्रदर्शन



**अमरभास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं ।** कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बृहस्पतिवार को शहर के रामलीला उद्यान में धरना प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन पिछले दिनों लखनऊ में आयोजित पार्टी कार्यक्रम के दौरान पुलिस द्वारा किए गए कथित बल प्रयोग के विरोध में आयोजित किया गया था। धरना स्थल पर पूर्व जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि यह मात्र धरना नहीं बल्कि सत्याग्रह है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के इशारे पर रैपिड एक्शन फोर्स और सीआरपीएफके जवानों को आगे कर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर बल प्रयोग किया गया। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट होता है कि उत्तर प्रदेश में तानाशाही जैसी स्थिति बन गई है। ओमकार सिंह ने कहा कि मनरेगा, बेरोजगारी, महंगाई, बिगड़ती कानून व्यवस्था और अन्य जनहित के मुद्दों को लेकर कांग्रेस संघर्ष करती रहेगी और किसी भी प्रकार के दबाव में आने वाली नहीं है। शहर अध्यक्ष मुन्ना लाल सागर और जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह राठौर ने संयुक्त रूप से कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध प्रत्येक नागरिक और राजनीतिक दल का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार विपक्ष की आवाज दबाने के लिए लगातार दमनकारी नीतियां अपना रही है। जिला उपाध्यक्ष सुनीता सिंह ने आरोप लगाया कि प्रदर्शन से दो दिन पूर्व ही पुलिस प्रशासन द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कानूनी नोटिस दिए गए, कई नेताओं को नजरबंद किया गया और रास्तों में रोकने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि यह सब दर्शाता है कि सरकार कांग्रेस की बढ़ती सक्रियता से घबराई हुई है। धरना प्रदर्शन के दौरान शमीम अहमद खान (फौजी) महासचिव, एससीध्एसटी कांग्रेस अध्यक्ष मुनेंद्र कनौजिया, शहर कांग्रेस कमेटी के महासचिव योगेंद्र शर्मा, रईस अहमद, श्याम कुमार, बख्तियारूद्दीन, हसन खान, प्रेमपाल, दिनेश कुमार, महेंद्र पाल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ब्रजवासियों ने किया गालिब को याद



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** बृजवासी मिर्जा गालिब को उसके जन्म दिवस पर बार-बार याद करते हैं। उस महाकवि का चमत्कार ही कुछ ऐसा है जिसके काव्य को भुलाया नहीं जा सकता शताब्दियाँ जिसको दोहराती रहेंगी और जिस पर शोधकर्ता अपने शोध ग्रंथ प्रस्तुत करते रहेंगे यह शब्द है मथुरा के प्रसिद्ध वकील तनवीर अहमद खान के जिन्होंने गालिब दिवस की एक गोष्ठी में अध्यक्षता करते हुए प्रस्तुत किए। संचालक प्रिंसिपल जिया उल हक ने विषय को विस्तार देते हुए कहा कि साहित्य सबके हित की बात करता है और अदब तो बात ही है। सदव्यवहार सद विचार और सलीके की, उन्होंने कहा कि हमें भारत भूमि के महान कवियों जैसे कालिदास, अमीर खुसरो, कबीर,गालिब, टैगोर,सरोजिनी नायडू, महादेवी वर्मा और अब्दुल रहीम खान खाना को बार-बार याद करते रहना चाहिए ताकि हमारे आने वाली नस्ल देश के साहित्य इसका गुणगान करते रहें। मुख्य वक्ता डॉ,जैड हसन ने मिर्जा गालिब के जीवन और काव्य पर विशेष प्रकाश डालते हुए गालिब की चार पंक्तियां प्रस्तुत की जिनमें सभी धर्मों का सार निहित है। योग्य वक्ता ने अगली सुंदर बात कही कि गालिब के जमाने में दिल्ली की गलियां उजड़ रही थीं, बस्तियां बर्बाद हो रही थीं। इस दुखद आपातकाल में कुछ ऐसी रचनाएं प्रस्तुत कर दीं जो आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शन का काम करती रहेंगी। मुख्य वक्ता डॉ जैड हसन ने अपनी वाणी से खूब खूब तालियां बटोरी और फिर उपस्थित सज्जनों ने भी नए-नए गुल खिलाए। डॉक्टर अबरार ने गालिब की गरीबी का जिक्र किया गालिब रोजा नहीं रखते नमाज के भी पाबंद नहीं है जिस के पास रोजा खोल के खाने को कुछ ना हो वह रोजा न खाए तो नाचार क्या करें। गफ्फार एडवोकेट व निसार खान ने मिर्जा गालिब के पुस्तकालय की दीवार पर लगे चित्र देखे और उसकी पोशाक को देखकर आश्चर्य चकित रह गए और कहा कि विभिन्न अवसरों पर बहादुर शाह जफर के दरबार से गालिब को पांच वस्त्रों वाला या सात वस्त्रों वाला शाही लिबास मिलता था और कुछ नगदी भी जिसको लूटने छीनने ने के लिए गालिब के चाहने वाले उसके घर पहुंच जाते थे और गालिब इस लिबास का कुछ हिस्सा बेचकर कुछ न कुछ जरूर देता था। सुलेमान व मुजफ्फर साहब ने गालिब की घरेलू जिंदगी को अंदर से झांक कर देखा और बताया कि मियां बीवी में कभी बनती नहीं थी बीवी रोजा नमाज की पाबंद और परहेजगार थी और शौहर शराबी कबाबी। अध्यक्ष तनवीर अहमद ने कहा कि ऐसी महफिल हमारे यहां बार-बार होती रहनी चाहिए बहुत अच्छा रहेगा। इस मौके पर अब्दुल रहमान,हमीद खान,लाला पहलवान,हबीब अंसारी,राशिद खान, गफ्फार अब्बास एडवोकेट,शाहिद खान एवं बुरहान मौजूद रहे।

# दत्तक ग्रहण अभिकरण इकाइयों का किया निरीक्षण



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला निरीक्षण समिति द्वारा महिला कल्याण विभाग से संचालित राजकीय विशेषज्ञ दत्तक गृहण अभिकरण एवं स्वैच्छिक संगठन दलित ग्रामीण विकास संस्थान बदायूं द्वारा संचालित विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण इकाई का निरीक्षण को अरूण कुमार अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अरुण कुमार की अध्यक्षता में जिला निरीक्षरण समिति जनपद बदायूं शहर के मोहल्ला नकपुर के गली नं 01 में संचालित स्वैच्छिक संगठन दलित ग्रामीण विकास संस्थान बदायूँ द्वारा संचालित विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण इकाई व महिला अस्पताल में संचालित राजकीय विशेषज्ञ दत्तक गृहण अभिकरण में रह रहे अनाथ बच्चों के खाने पीने तथा उचित देखभाल और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया।

स्वैच्छिक संगठन दलित ग्रामीण विकास संस्थान बदायूँ द्वारा संचालित विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण इकाई से सचिव अनूप सक्सेना ने अवगत कराया कि वर्तमान में संस्था में 07 बच्चें संवासित है सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है सभी बच्चें स्वस्थ है व बच्चों की लीगल प्रक्रिया चल रही है तथा प्रबंधक/समन्वयक, राजकीय विशेषज्ञ दत्तक गृहण अभिकरण द्वारा बताया गया की संस्था में रह रहा एक बच्चें संवासित है जिसका स्वास्थ्य सामान्य पाया गया। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा निर्देश दिये गये कि सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये सीसीटीवी कैमरे लगाये जाये, गृहो की साफ-सफाई, पर विशेष ध्यान दिया जाये, गृह में आने जाने वाले व्यक्तियों की पूर्ण जानकारी पंजिका में दर्ज की जाये, बच्चो की सुरक्षा हेतु शासनादेश मे निर्धारित मानकों से कोई समझौता न किया जाये, समस्त गृहो से सम्बंन्धित दस्तावेज सुव्यवस्थित रखे जायें जिला प्रोबेशन अधिकारी को उक्त कार्यवाही कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार, क्लीनिकल साइक्लोजिस्ट, सर्वेश दास जिला कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ कार्यक्रम, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, प्रमिला गुप्ता, सदस्य बाल कल्याण समिति, सविता मालपाणी, संरक्षण अधिकारी (सांस्थानिक), प्रीती कौशल, संरक्षण अधिकारी, रवि कुमार, आदि उपस्थित रहे।

## भारतीय पटेल महासभा के बैनर तले मनाई

**बदायूं।** भारतीय पटेल महासभा के तत्वाधान में अदम्य साहस वीरता और न्याय की प्रतिमूर्ति, स्वाधीनता की अलख जगाने वाले महान वीर योद्धा छत्रपति शिवाजी की जन्म जयंती समारोह मनाया गया कार्यक्रम में उपस्थित सभी महानुभावों ने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिम पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की प् कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव आदरणीय कुलदीप सिंह पटेल रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता जोगेंद्र सिंह पटेल ने की कार्यक्रम में मुख्य रूप से एडवोकेट शिवेंद्र पटेल, गौरव सिंह मराठा, प्रेमपाल सिंह पटेल आदि मौजूद रहे।

# मराठा-सर्राफा एसोसिएशन ने धूमधाम से मनाई छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** आर्य समाज चौक स्थित रस्तोगी धर्मशाला में आज मराठा - सर्राफा एसोसिएशन के तत्वाधान में हिंदवी स्वराज की स्थापना करने वाले वीर मराठा छत्रपति शिवाजी महाराज जी की जयंती हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ समारोह पूर्वक मनाई गई। इस मौके पर शहर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाषण स्पर्धा में सहभाग किया। दोपहर 3:00 बजे बिरुवा बाड़ी मंदिर से छत्रपति शिवाजी महाराज की शोभायात्रा प्रारंभ हुई, शोभा यात्रा में नगर के लोगों ने पुष्प वर्षा कर शिवाजी महाराज का अभिनंदन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मराठा-सर्राफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों नीरज रस्तोगी, उपेंद्र उपाध्याय, हरि कृष्ण वर्मा अवनीश वर्मा एवं अतुल रस्तोगी ने मां सरस्वती एवं वीर मराठा छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर एवं माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता उपेंद्र उपाध्याय ने कहा- वीर मराठा योद्धा कुशल रणनीतिकार छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी 1630 को महाराष्ट्र में शिवनेरी के दुर्ग में मां जीजाबाई- पिता शाह जी भोसले के परिवार में हुआ था। शिवाजी के जीवन में मां जीजाबाई के द्वारा सुनाई गई रामायण- महाभारत की वीर गाथाओं के संस्कारों से उनके अंदर बचपन से ही वीर बनने की प्रेरणा जगी. छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती कार्यक्रम संयोजक श्रीकांत मराठा ने कहा- शिवाजी वीर योद्धा, कुशल रण नीति कार राजनीति एवं छापामार युद्ध नीति में पारंगत थे।

## सार-संक्षेप

### निजी शीतगृह संचालकों को भूजल निष्कर्षण हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र एवं बोरवेल पंजीकरण अनिवार्य

**बदायूं।** माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में, जिलाधिकारी/लाइसेंसिंग अधिकारी को संबोधित निर्देशों के क्रम में जनपद के समस्त निजी कोल्ड स्टोर्स (शीतगृह) संचालकों के लिए भूजल निष्कर्षण हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) एवं बोरवेल पंजीकरण कराना अनिवार्य कर दिया गया है। इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल (प्रबन्धन एवं विनियमन) अधिनियम, 2019 का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करना है। सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई/नोडल अधिकारी, जिला भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद बदायूँ, वी.एस. सुमन ने अवगत कराया है कि समस्त निजी शीतगृह संचालक 15 दिवस के भीतर अपने बोरवेल पर डिजिटल फ्लोमीटर स्थापित कर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण करें। इस संबंध में कार्यालय के पत्र द्वारा पूर्व में भी नोटिस निर्गत किया जा चुका है। द्वितीय नोटिस के माध्यम से निर्देशित किया गया है कि समस्त निजी शीतगृह संचालक अविलंब भूजल निष्कर्षण हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र एवं बोरवेल पंजीकरण प्राप्त करना सुनिश्चित करें। अन्यथा अधिनियम 2019 के प्रावधानों के अंतर्गत नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी, जिसके लिए संबंधित संचालक स्वयं उत्तरदायी होंगे।

### खाद्य सुरक्षा टीम का छापा, 4 नमूने जांच को भेजे

**बदायूं।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर-प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में सहायक आयुक्त (खाद्य)- द्वितीय सी०एल० यादव व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आर०पी० सिंह के निर्देशन/नेतृत्व में आगामी होली पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थो की उपलब्धता हेतु जनपद-बदायूँ में मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थो की बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु चलाये जाने वाले अभियान के क्रम में गुरुवार को को जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से विशेष अभियान के दौरान विभिन्न खाद्य परिसरों से कुल 04खाद्य पदार्थो के नमूनों को वास्ते जाँच हेतु संग्रहित किए गए। आमजनमानस को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया गया। इस दौरान गोपी चौक बदायूँ स्थित पारूल रस्तोगी के प्रतिष्ठान से एक रिफाइन्ड सोयाबीन तेल का नमूना संग्रहित किया गया। निरीक्षण के दौरान समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य पदार्थो को ढ़ककर रखने, दुकानों में साफ-सफाई रखने, शुद्व एवं गुणवत्ता पूर्वक खाद्य पदार्थो को बेंचने, बिना लाइसेंस के खाद्य कारोबार नही संचालित करने के कड़े निर्देश दिए गए। मौके पर उपस्थित आम जनमानस को अपमिश्रण से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया। टीम में सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय सीएल यादव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरपी सिंह एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण भगवत सिंह, प्रिया त्रिपाठी खुशीराम एवं करन सिंह मौजूद रहे।

### बांके बिहारी मंदिर बजरिया से निकली भव्य कलश शोभायात्रा



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**सहसवान।** नगर के मोहल्ला बजरिया स्थित बांके बिहारी मंदिर से श्रीमद्भागवत कथा प्रारंभ होने से पूर्व भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर मोहल्ला बजरिया, तहसील रोड, कचहरी, विल्सनगंज बाजार, रोडवेज बस स्टैंड, कोतवाली, नवादा, नयागंज सहित विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। यात्रा के दौरान मार्ग में पड़ने वाले मंदिरों पर श्रद्धालुओं द्वारा पूजा-अर्चना भी की गई। इसके पश्चात शोभायात्रा पठान टोला होते हुए पुनः बांके बिहारी मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। आयोजकों ने बताया कि 19 फरवरी से 26 फरवरी तक आचार्य बलराम कृष्ण वृंदावन द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा। कथा समापन के अवसर पर 26 फरवरी को विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर सर्वेश माहेश्वरी, मधु माहेश्वरी, साधना माहेश्वरी, नीतू माहेश्वरी, अधीर सक्सेना, महेश चंद्र माहेश्वरी, पलकी माहेश्वरी, आदर्श सक्सेना, सुभाष माहेश्वरी, नितिन माहेश्वरी, धीरज सक्सेना, मुकुल माहेश्वरी, उमेश माहेश्वरी, कल्लू सेठ, सौरभ सक्सेना, महेश माहेश्वरी सहित सैकड़ों श्रद्धालु एवं भक्तगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम धार्मिक आस्था एवं उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ।

# पत्रकार की बेटी ने रखा पहला रोजा, दुआओं से नवाजा



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**उसहैत।** कस्बा निवासी पत्रकार एस शाहिद अली की बेटी लाइबा फातिमा ने सात वर्ष की आयु में पहला रोजा रखा। इस मौके पर परिजनों और हमदर्दो ने पहुंचकर अपनी दुआओं से नवाजा। हाफिज सैय्यद जुबैर अली ने कहा कि रमजान बरकत वाला महीना है। इस माह में अल्लाह अपनी रहमत के तमाम दरवाजे खोल देता है। मुसलमान रोजा रखकर अल्लाह की इबादत करते हैं और उसका कुर्ब हासिल करते हैं। रोजा बुरे कामों से बचने का एक जरिया है। उन्होंने कहा मुसलमान पर सात वर्ष की आयु से रोजा और नमाज फर्ज हो जाता है। लाइबा फात्मा ने अपना पहला रोजा रखकर अल्लाह को राजी करने की कोशिश की है। इस दौरान बच्चों ने एक साथ बैठकर रोजा इफ्तार किया। इस मौके पर आसिम अहमद, सैयद अहमद रजा अली, सैयद हुसैन अली, सैयद हैदर अली, नदीम खान, हन्नान, फरमान आदि मौजूद रहे।

# बिसौली में चलाया गया विद्युत चैंकिग अभियान



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बिसौली।** विद्युत वितरण खंड तृतीय के अधिशासी अभियंता नरेंद्र चौधरी के निर्देशानुसार नगर में विद्युत विभाग द्वारा एसडीओ अमित कुमार और अवर अभियंता मो. मियां कुरैशी के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया। बिजली विभाग की टीम को देखकर बकायादारों में हड़कंप मच गया। एसडीओ अमित कुमार ने उपभोक्ताओं से अपील की कि वह अपना बकाया समय पर अदा कर विभाग की कार्रवाई से बचें। उन्होंने बताया कि एक लाख से अधिक का विद्युत बिल बकाया जमा न करने पर मोहल्ला साहूकारा में शिव शंकर रस्तोगी एवं प्यारेलाल, पठान टोला में बाबू राम, मोहल्ला बुध बाजार में मो. ईसाक एवं कौशल किशोर, मोहल्ला गुलाब बाग में माया देवी, महेंद्र पाल, बबलू, ब्रह्मदेव कॉलोनी में हरि नारायण शर्मा एवं नरेश पाल सिंह, गदरपुरा में जाकिर आसफपुर रोड पर कैलाशो देवी आदि उपभोक्ताओं के मीटर उखाड़ कर कनेक्शन को विच्छेद कर अग्रिम विभागीय कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया इन उपभोक्ताओं को पहले ही बिल जमा करने की चेतावनी दी गई थी। इधर अधिशासी अभियंता नरेंद्र चौधरी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे कानूनी कार्रवाई और असुविधा से बचने के लिए तुरंत अपने बिलों का भुगतान करें। इस दौरान अवर अभियंता मो. मियां कुरैशी, कमलेश कुमार, रवि शर्मा, अनिल यादव, विकास, फैजान, राजेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# होप यूनिटी हेल्पिंग वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** सिविलियन विद्यालय, शेखुपुर में 100 दिवसीय 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के अंतर्गत एक प्रभावी जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन में किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में बाल विवाह उन्मूलन के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति प्रेरित करना रहा।

संस्था की निदेशक डॉ. कृष्ण सिंह ने विद्यार्थियों को बाल विवाह के कानूनी, सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बाल विवाह के विरुद्ध जागरूक नागरिक के रूप में सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ भी दिलाई।

इस अवसर पर 1098 से केस वर्कर पुरुषोत्तम शर्मा ने बच्चों को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के महत्व से अवगत कराया।

कार्यक्रम के दौरान एएचटी (मानव तस्करी निरोधक) थाना टीम ने विद्यार्थियों को व्यक्तिगत सुरक्षा के नियम, आवश्यक सावधानियां तथा आपात स्थिति में अपनाए जाने वाले उपायों के बारे में जागरूक किया। साथ ही विभिन्न सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई, ताकि आवश्यकता पड़ने पर विद्यार्थी तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें।

संस्था की सदस्य एवं स्वयंसेविका पूनम सागर ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर एवं जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या उपासना द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा। यह पहल बदायूं जनपद में बाल विवाह उन्मूलन एवं बाल सुरक्षा के प्रति सामुदायिक जागरूकता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुई।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिखर सम्मेलन 2026 में अंशिका पाठक ने सीखी नवीनतम तकनीकें




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**दिल्ली।** राजधानी के प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र भारत मंडपम में आयोजित कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रभाव शिखर सम्मेलन 2026 तकनीक और नवाचार का एक महत्वपूर्ण मंच सिद्ध हुआ, जहाँ देश-विदेश से आए विशेषज्ञों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उभरते आयामों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। इस प्रतिष्ठित आयोजन में अंशिका पाठक, जो जीएनआईटी (ग्रेटर नोएडा प्रौद्योगिकी संस्थान) की बी.टेक (कंप्यूटर विज्ञान) प्रथम वर्ष की छात्रा हैं, ने सक्रिय सहभागिता करते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं।

सम्मेलन के दौरान मशीन अधिगम, आँकड़ा विज्ञान, रोबोटिकी, साइबर सुरक्षा तथा जनरेटिव कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने व्याख्यान प्रस्तुत किए। साथ ही प्रत्यक्ष प्रदर्शन और संवादात्मक सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के व्यावहारिक उपयोग, औद्योगिक क्षेत्रों में उसकी बढ़ती भूमिका तथा भविष्य की संभावनाओं से अवगत कराया गया। वक्ताओं ने विशेष रूप से बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और उद्योग सहित अनेक क्षेत्रों में तीव्र परिवर्तन ला रही है।

अंशिका पाठक ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस सम्मेलन ने उन्हें कृत्रिम बुद्धिमत्ता की तकनीकी गहराइयों को समझने और भविष्य की दिशा को पहचानने का अवसर प्रदान किया। उनके अनुसार यह आयोजन युवाओं के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक तथा करियर-उन्मुख सिद्ध हुआ।

# राजकीय महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा समारोह का समापन

## शीलम का छात्रा चैंपियनशिप कायम, विपिन बने छात्र चैंपियन



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में चल रहे 21 वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह के अन्तिम दिन विभिन्न प्रकार की एथलीट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्र वर्ग में सर्वाधिक चार स्वर्ण पदक प्राप्त कर बीए प्रथम सेमेस्टर के छात्र विपिन चौंपियन बने। वहीं छात्रा वर्ग की चौंपियनशिप पर बीए अंतिम सेमेस्टर की छात्रा शीलम ने लगातार तीसरी बार कब्जा जमाया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय हेमपुर पीलीभीत के वाणिज्य के प्रोफेसर डॉ नरेन्द्र कुमार बत्तरा ने विजेता खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र के साथ मेडल पहनाकर सम्मानित किया। केवल छात्रों के लिए हुई 5000 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान विपिन ने प्राप्त किया। दूसरा स्थान अजय यादव और तीसरा मोहित ने प्राप्त किया। छात्राओं की ऊँची कूद प्रतियोगिता में प्रथम विजेता तनुष्का चौहान बनी। दूसरे स्थान पर पल्लवी तथा तीसरे स्थान पर कुमकुम चौधरी रही। छात्रों की ऊँची कूद प्रतियोगिता में प्रथम विजेता कुशाग्र सिंह बने। दूसरे स्थान पर हिमाँशु रहे तथा तीसरा स्थान आयुष शर्मा को मिला। छात्रा वर्ग की जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर तनुष्का चौहान रही। द्वितीय स्थान उपासना को प्राप्त हुआ। तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से तमन्ना और रेनू राठौर रही। छात्रों की जेवलिन थ्रो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अर्पित रहे। दूसरा स्थान सत्यम सक्सेना को मिला तथा तीसरे स्थान पर हिमाँशु रहे।

छात्र वर्ग 100 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान मोहित दूसरे पर कुशाग्र सिंह कुमार एवं तीसरे पर आयुष शर्मा रहे। वहीं छात्राओं की 100 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान सुहालिया खान को प्राप्त हुआ। दूसरे स्थान पर तनुष्का चौधरी रही तथा तीसरा स्थान पल्लवी ने प्राप्त किया।

सभी विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि डॉ नरेंद्र कुमार बत्तरा, विशिष्ट अतिथि डॉ श्रद्धा यादव, डॉ सोनी मौर्या एवं डॉ राशिका चावला ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। डॉ नरेन्द्र कुमार बत्तरा ने कहा कि प्रतियोगिता जीवन पर्यंत चलती रहती है जो आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने कहा कि शारीरिक व्यायाम दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक है। डॉ बत्तरा ने कहा कि खेल के द्वारा सम्पूर्ण व्यायाम हो जाता है, जिससे हम स्वस्थ रह सकते हैं। खेल के प्रति प्रति लगाव और जुनून रखने वाले छात्र छात्रा इसे अपना कैरियर बनाएं तथा सम्मान यश कीर्ति के साथ एक अच्छा मुकाम हासिल करें। सभी अतिथियों को प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता एवं उप प्राचार्य डॉ अनिल कुमार ने शाल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

समारोह का संचालन डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने किया। निर्णायक की भूमिका में डॉ बबिता यादव, डॉ सतीश सिंह यादव, डॉ संजीव राठौर, डॉ सचिन कुमार , डॉ सारिका शर्मा, डॉ संजय कुमार, डॉ दिलीप कुमार वर्मा, डॉ गौरव कुमार सिंह, डॉ जुनैद आलम, डॉ ज्योति विश्नोई आदि ने निभाई। क्रीड़ा प्रभारी डॉ हुकूम सिंह ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया।

इस अवसर पर डॉ रविन्द्र सिंह यादव, डॉ प्रेमचन्द चौधरी, डॉ पवन कुमार शर्मा, संजीव शाक्य, प्रमोद शर्मा, वीरबहादुर, गौरव पाली, योगिता यादव, शिवानी वर्मा, विशाल पाराशरी, पवन कुमार, अंशुल कुमार, अंशिका यादव, शीतल, शिवम आदि ने सहयोग प्रदान किया।

## संपादकीय

# अतीत से परे जीवन की चेतना!



आज का मनुष्य बाहरी दुनिया में अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रहा है, लेकिन भीतर कहीं गहराई में थकान, तनाव और खालीपन का अनुभव भी उतनी ही तेजी से बढ़ रहा है। आधुनिक जीवन में सुविधाओं और संसाधनों की कमी नहीं है, फिर भी मन अक्सर बोझिल रहता है। इसका एक बड़ा कारण यह है कि हम अपने साथ अतीत के घाव, अपमान, असफलताएं और टूटे रिश्तों की स्मृतियाँ ढोते चलते हैं। मन की यह अदृश्य पीड़ा धीरे-धीरे हमारे विचारों, निर्णयों और जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करने लगती है।

ऐसे समय में स्वयं को माफ करना, दूसरों को क्षमा करना और परिस्थितियों को जाने देने की कला केवल भावनात्मक समाधान नहीं, बल्कि आत्मिक उपचार की एक गहरी प्रक्रिया बन जाती है। यह जीवन को हल्का करने और मानसिक शांति प्राप्त करने का मार्ग दिखाती है। दार्शनिक दृष्टि से देखा जाए तो मनुष्य का दु:ख बाहरी घटनाओं से कम और उनके प्रति हमारे लगाव से अधिक उत्पन्न होता है। जब कोई हमें चोट पहुँचाता है, वह क्षणिक घटना होती है, लेकिन हम उस पीड़ा को स्मृति बनाकर वर्षों तक जीवित रखते हैं। यही स्मृतियाँ धीरे-धीरे क्रोध, कटुता और निराशा का रूप ले लेती हैं। क्षमा इस चक्र को तोड़ने की शक्ति रखती है। माफ करना किसी दूसरे को मुक्त करना नहीं, बल्कि अपने मन को उन जंजीरों से मुक्त करना है जो हमें अतीत से बाँधे रखती हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, स्वयं को क्षमा करना इस प्रक्रिया का सबसे कठिन लेकिन सबसे आवश्यक चरण है। मनुष्य अक्सर अपने प्रति ही सबसे कठोर होता है और अपनी गलतियों को बार-बार दोहराकर अपराधबोध में जीता रहता है। जबकि जीवन का सत्य यह है कि अपूर्णता ही मनुष्य की स्वाभाविक प्रकृति है। अपनी कमजोरियों को स्वीकार कर स्वयं को माफकरने से भीतर करुणा जन्म लेती है और यही करुणा आत्मिक विकास का आधार बनती है।

दूसरों को क्षमा करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि कोई भी व्यक्ति पूर्ण नहीं होता। हर व्यक्ति अपने संस्कारों, भय और सीमाओं के अनुसार व्यवहार करता है। जब हम इस सत्य को समझने लगते हैं, तब क्रोध धीरे-धीरे समझ में बदलने लगता है। क्षमा का अर्थ अन्याय को सही ठहराना नहीं, बल्कि अपने हृदय को कटुता से मुक्त करना है। इसी के साथ जुड़ी है जाने देने की कला, जो जीवन का गहरा दर्शन सिखाती है। जीवन में हर वस्तु, रिश्ता और परिस्थिति स्थायी नहीं होती। परिवर्तन को रोकने का प्रयास ही दु:ख का मूल कारण बनता है। कुछ लोग जीवन में प्रेम बनकर आते हैं, कुछ सीख बनकर और कुछ केवल अनुभव बनकर चले जाते हैं। इस प्रवाह को स्वीकार करने से मन का प्रतिरोध समाप्त होता है और जीवन सहज बनता है। जाने देना हार नहीं, बल्कि परिपक्व समझ का संकेत है। जब मनुष्य क्षमा करना, स्वीकार करना और छोड़ देना सीख लेता है, तब उसका मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होने लगता है। विचार शांत होते हैं, भावनाएँ संतुलित होती हैं और जीवन में स्पष्टता आती है। अंतत: जीवन का सार यही है कि शांति किसी बाहरी उपलब्धि में नहीं, बल्कि भीतर के बोझ को हल्का करने में है। जो व्यक्ति स्वयं को क्षमा कर लेता है, दूसरों को मुक्त कर देता है और अतीत को सम्मानपूर्वक विदा कर देता है, वही सच्चे अर्थों में स्वतंत्र और संतुलित जीवन जी पाता है।

**लेखक:**
**अवनीशा वर्मा**
**गिंदो देवी महिला महाविलय, बदायूं (उ.प्र.)**

**अमर भास्कर**
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव
- सह-संपादक : मोहम्म्द राशिद
- उप संपादक : जहाँगीर भारती
- दिल्ली प्रभारी : प्रतिमा पाठक

हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।
**-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर***

अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-
**अमर भास्कर कार्यालय**
**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं (उ.प्र.)।**
**पिन कोड-243601**
*Email- amarbhashkar21@gmail.com*
*Whatsapp. No. 9411214614*

# संवेदनशील प्रशासन और संयमित छात्र: संतुलन ही समाधान

कभी-कभी बस एक छोटा-सा क्षण पूरी व्यवस्था की आत्मा को बेनकाब कर देता है। घड़ी ने दस मिनट का फासला तय किया और एक बच्ची परीक्षा कक्ष के बाहर रह गई। वही दस मिनट उसके जीवन और मृत्यु के बीच की दूरी बन गए। नियम अपनी जगह अडिग खड़े रहे, पर जीवन चुपचाप फिसल गया। दूसरी ओर, एक परीक्षा केंद्र पर प्रश्नपत्र कम पड़े तो उसी तंत्र ने नियमों को मोड़कर दो पालियों में परीक्षा करा दी। यही विरोधाभास हमारे समय की नंगी सच्चाई हैकृजहाँ सुविधा हो वहाँ नियम लचीले, और जहाँ करुणा चाहिए वहाँ वे पत्थर बनकर गिरते हैं।

दस मिनट की देरी पर दरवाजा बंद कर देना नियम की कठोरता नहीं, संवेदना की विफलता है। परीक्षा का उद्देश्य प्रतिभा की जाँच है, न कि घड़ी की सुइयों की पूजा। यदि चाहा जाता तो कोई व्यावहारिक रास्ता निकाला जा सकता थाकृजैसा अन्य परिस्थितियों में निकाला भी गया। पर यहाँ नियमों की दीवार ऊँची कर दी गई और मानवीय विवेक को बाहर छोड़ दिया गया। परिणाम केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं रहा, वह एक असहनीय त्रासदी में बदल गया। प्रश्न नियमों के अस्तित्व का नहीं, उनमें जीवित मनुष्यता की उपस्थिति का है। क्या व्यवस्था इतनी यांत्रिक हो चुकी है कि उसे परिस्थितियों की धड़कन सुनाई ही नहीं देती?

इसी क्रम में दूसरी घटना ने तंत्र का दूसरा चेहरा भी दिखाया। जब प्रश्नपत्र कम पड़ गए और व्यवस्था की अपनी भूल उजागर हुई, तो तुरंत समाधान तलाश लिया गया। दो पालियाँ बनीं, प्रतियाँ तैयार हुईं, समय-सारिणी बदली-और परीक्षा पूरी करा दी गई। यहाँ नियमों को मोड़ना संभव था, क्योंकि आवश्यकता थी। यही विरोधाभास सबसे चुभता हैकृजहाँ सिस्टम की असुविधा हो, वहाँ लचीलापनय जहाँ छात्र की मजबूरी हो, वहाँ कठोरता क्यों? क्या नियम केवल नीचे की ओर सख्त और ऊपर की ओर नरम होते हैं? क्या करुणा का पैमाना भी पद और अधिकार देखकर बदल जाता है?

पर इस पूरी पीड़ा का एक और पक्ष भी है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कोई भी परीक्षा जीवन से बड़ी नहीं होती। अंक केवल भविष्य की दिशा तय करते हैं, अस्तित्व की कीमत नहीं। देर हो जाए तो अगला अवसर मिलता है, अगला प्रयास संभव है, अगला वर्ष भी आता है। पर यदि जीवन का पन्ना ही फाड़ दिया जाए, तो उसे कोई परिणाम फिर नहीं जोड़ सकता। क्षणिक आवेग में उठाया गया चरम कदम समस्या का समाधान नहीं, परिवार के लिए आजीवन घाव बन जाता है। हमें यह समझना और समझाना होगा कि असफलता अंत नहीं, अनुभव हैय ठोकर हार नहीं, आगे बढ़ने की तैयारी है।

हमारे समाज ने परीक्षा को उपलब्धि से आगे बढ़ाकर प्रतिष्ठा और पहचान का पैमाना बना दिया है। अंक अब केवल परिणाम नहीं रहे, वे मानो सम्मान का प्रमाणपत्र बन गए हैं। माता-पिता की आकांक्षाएँ, रिश्तेदारों की तुलना और सोशल मीडिया की चकाचौंध-ये सब मिलकर एक कोमल मन पर ऐसा दबाव रचते हैं, जो दिखाई नहीं देता पर भीतर गहराई तक चुभता है। ऐसे माहौल में दस मिनट की देरी महज समय का अंतर नहीं रह जातीय वह मानो सपनों के ढह जाने का प्रतीक बन जाती है। यहीं परिवार और विद्यालय की असली भूमिका शुरू होती है। बच्चों को सिखाना होगा कि जीवन की कीमत किसी परिणाम से कहीं अधिक है। परीक्षा एक अवसर है, अस्तित्व का अंतिम सत्य नहीं।

प्रशासन की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। नियम अनुशासन बनाए रखने के लिए होते हैं, पर उनका उद्देश्य मनुष्यों की रक्षा करना है, उन्हें तोड़ना नहीं। यदि कोई नियम ऐसी स्थिति पैदा करे जहाँ जीवन ही संकट में पड़ जाए, तो उसके स्वरूप पर पुनर्विचार अनिवार्य हो जाता है। हर परीक्षा केंद्र पर मानवीय विवेक की एक खिड़की खुली रहनी चाहिए-ऐसी व्यवस्था, जहाँ आपात स्थिति में समाधान खोजा जा सके। जब तकनीकी त्रुटियों पर तत्काल विकल्प संभव हैं, तो कुछ मिनट की देरी पर संवेदना असंभव क्यों प्रतीत होती है? प्रशासनिक दक्षता के साथ संवेदनशीलता भी अनिवार्य प्रशिक्षण का हिस्सा बननी चाहिए।

छात्रों के लिए यह घटना एक चेतावनी भी है और एक सीख भी। समयपालन कोई औपचारिक नियम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व की रीढ़ हैय अनुशासन ही वह आधार है जिस पर सफलता की इमारत खड़ी होती है। परीक्षा के दिन तैयारी केवल पाठ्यक्रम की नहीं, परिस्थिति की भी होनी चाहिए-समय से पहुँचना, विकल्प सोचकर चलना, जोखिम से बचना। किंतु यदि कभी चूक हो जाए, तो उसे जीवन की हार का नाम न दें। सच्चा साहस गिरकर फिर खड़े होने में है, न कि एक ठोकर को अंतिम सत्य मान लेने में।



**लेखक: प्रो. आरके जैन**
**अरिजीत बड़वानी (मप्र)**

# समृद्ध गुजरात की ओर निर्णायक कदम

गुजरात सरकार द्वारा प्रस्तुत नवीन बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि विकसित और आत्मनिर्भर गुजरात की एक स्पष्ट रूपरेखा है। चार लाख करोड़ रुपये से अधिक के इस विशाल बजट में विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए 65 प्रतिशत राशि पूंजीगत एवं विकासात्मक कार्यों पर व्यय करने का निर्णय राज्य की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। शेष राशि पेंशन, वेतन और ब्याज जैसे आवश्यक दायित्वों पर नियोजित की गई है, जिससे वित्तीय अनुशासन और सामाजिक संतुलन दोनों का समन्वय स्थापित होता है। यह बजट दूरदर्शिता, समावेशिता और संतुलित प्रगति का उत्कृष्ट उदाहरण है।

सरकार ने ज्ञान( हलंद)के सूत्र के माध्यम से गरीब, युवा, अन्नदाता और नारीशक्ति को केंद्र में रखकर योजनाओं का निर्माण किया है। गरीब परिवारों के लिए तीन लाख से अधिक आवासों का निर्माण, प्रधानमंत्री आवास सहित विभिन्न योजनाओं में सहायता राशि को बढ़ाकर 1.70 लाख रुपये करना सामाजिक सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह निर्णय केवल घर बनाने का नहीं, बल्कि सम्मानजनक जीवन देने का प्रयास है।

राज्य की 36 प्रतिशत युवा आबादी को ध्यान में रखते हुए छात्रवृत्ति के लिए 4,827 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। समरस कुमार और कन्या छात्रालयों के निर्माण से हजारों विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। लगातार दूसरे वर्ष शिक्षा को सर्वाधिक प्राथमिकता देना इस बात का प्रमाण है कि सरकार भविष्य की नींव मजबूत कर रही है। प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में संरचनात्मक सुधार, नई कॉलेजों की स्थापना, खेल सुविधाओं का विस्तार तथा स्वावलंबन योजनाओं के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सार्थक पहल की गई है। किसानों के लिए दिन में बिजली उपलब्ध कराने हेतु अतिरिक्त आवंटन, किसान क्रेडिट कार्ड पर ब्याज राहत और आधुनिक उपकरणों की खरीद के लिए वित्तीय सहायता कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाएगी। सिंचाई और जल प्रबंधन के लिए हजारों करोड़ रुपये की व्यवस्था राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थिरता और मजबूती प्रदान करेगी। यह बजट स्पष्ट करता है कि सरकार किसान और ग्रामीण विकास को विकास की धुरी मानती है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में 'सखी साहस' योजना, कार्यशील महिला छात्रावासों का निर्माण और आर्थिक सहायता की व्यवस्था महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान करेगी। यह सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक प्रेरक कदम है।

औद्योगिक विकास इस बजट की प्रमुख विशेषता है। गुजरात इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन को आधुनिक तकनीक से लैस कर स्मार्ट बनाने का निर्णय उद्योगों के लिए नई संभावनाएं खोलेगा। टेक्सटाइल उद्योग के लिए 2,755 करोड़ रुपये का प्रावधान विशेष रूप से सराहनीय है, जिससे सूरत जैसे टेक्सटाइल हब को नई गति मिलेगी। एमएसएमई के लिए आत्मनिर्भर गुजरात योजना के अंतर्गत व्यापक सहायता से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल की स्थापना से वैश्विक बाजार में राज्य की उपस्थिति और सशक्त होगी।

धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 2026 को पर्यटन वर्ष घोषित करना अत्यंत दूरदर्शी निर्णय है। सोमनाथ मंदिर को ग्लोबल डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने की पहल, साथ ही अंबाजी मंदिर, गिरनार पर्वत और लोथल जैसे स्थलों के विकास की योजनाएं सांस्कृतिक विरासत को आर्थिक शक्ति में बदलने का प्रयास हैं। इससे स्थानीय रोजगार, होटल उद्योग और परिवहन क्षेत्र को भी व्यापक लाभ मिलेगा।

शहरी विकास में 17 प्रतिशत की वृद्धि कर नगरपालिकाओं और महानगरों को सुदृढ़ आधार प्रदान किया गया है। पांच नए सैटेलाइट टाउनशिप विकसित करने की घोषणा संतुलित शहरीकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। स्मार्ट पार्किंग, दैनिक जलापूर्ति और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार शहरों को आधुनिक स्वरूप देगा। सूरत मेट्रो लाइन-2 के विस्तार के लिए आवंटित राशि से शहर को हाई-स्पीड रेल नेटवर्क से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति होगी। इससे मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी मजबूत होगी और यात्रियों को समय व लागत की बचत होगी। खेलकूद का बजट 155 प्रतिशत तक बढ़ाना राज्य की महत्वाकांक्षी सोच को दर्शाता है। अहमदाबाद को ओलंपिक रेडी सिटी बनाने का संकल्प और अंतरराष्ट्रीय स्तरीय खेल परिसरों के निर्माण का प्रावधान युवाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा देगा। यदि भविष्य में कॉमनवेल्थ गेम्स जैसे वैश्विक आयोजन गुजरात में होते हैं, तो राज्य की वैश्विक पहचान और सुदृढ़ होगी।

स्वास्थ्य क्षेत्र में भी व्यापक निवेश किया गया है। सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों के विकास, सिविल अस्पतालों में सुविधाओं के विस्तार और चिकित्सा शिक्षा के सुदृढ़ीकरण से आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होंगी। यह सामाजिक सुरक्षा का मजबूत आधार तैयार करता है।

**लेखक:**
**कांतिलाल मांडोत**
**बरिष्ठ पत्रकार/साहित्यकार**
**नियर नन्दालय हवेली सूरत।**

## खेल-खिलाड़ी

# ऑस्ट्रेलिया को तुक्केइ से नहीं हराया.....



**नई दिल्ली।** 2024 टी-20 विश्व कप में क्वालीफाई तक नहीं कर पाने वाली जिम्बासब्वे की टीम ने इस बार दिखा दिया कि वो टूर्नामेंट में सिर्फअपनी उपस्थिति दर्ज कराने नहीं बल्कि टीमों को कड़ी चुनौती देने भी आई है।

2021 की चौंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर टूर्नामेंट का बड़ा उलटफेर करने वाली जिम्बा ब्वे ने गुरुवार को सह मेजबान श्रीलंका को छह विकेट से हराकर दिखा दिया कि कंगारुओं के विरुद्ध उसकी जीत तुक्का नहीं थी।

ग्रुप बी से जिम्बाुब्वे अजेय टीम रही, जिसने कोई भी मैच नहीं गंवाया और ग्रुप की दो सबसे मजबूत टीमों ऑस्ट्रेलिया व श्रीलंका को पटखनी दी। पहले ही सुपर-8 में जगह बना चुकी जिम्बाटब्वे के लिए गुरुवार को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में ब्रायन बेनेट (63') ने संयमित अर्धशतक और कप्तान सिकंदर रजा (45) की विस्फोटक पारी खेलकर 19.3 ओवर में ही टीम को 179 रन के लक्ष्य तक पहुंचा दिया। ये टी-20 में जिम्बोब्वे की लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरी सबसे बड़ी जीत रही। धीमी पिच पर लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाकब्वे को समझदारी और ताकत दोनों की जरूरत थी। बेनेट ने पारी को संभालकर रखा, जबकि रजा ने आक्रामक अंदाज में रन गति बढ़ाई।

रजा ने पलटी बाजी

जिम्बा ब्वे की शुरुआत मजबूत रही। बेनेट और तदी मारुमानी (34) ने पावरप्ले में बिना विकेट खोए 55 रन जोड़े। दोनों ने पहले विकेट के लिए 69 रन की साझेदारी की। मारुमानी के आउट होने के बाद रयान बर्ल (23) ने तेजी से रन बनाए, जिसमें दुनिथ वेल्लालागे पर 103 मीटर का छक्का खास रहा।

इसके बाद सिकंदर रजा ने मैच का रुख बदल दिया। उन्होंने दिलशान मदुशंका पर लगातार दो छक्के और एक चौका जड़कर दबाव कम किया। 16वें ओवर में महेश तीक्षणा पर एक छक्का और चौका लगाकर उन्होंने रन रेट को काबू में कर लिया। हालांकि रजा 19वें ओवर में आउट हो गए, लेकिन टोनी मुनयोंगा के अंतिम ओवर में लगाए गए बड़े छक्के ने जीत सुनिश्चित कर दी। इससे पहले, श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 178 रन बनाए। कुसल परेरा (22) और पथुम निसांका (62) ने तेज शुरुआत दी। निसांका ने 34 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया और पारी को संभाले रखा। हालांकि जिम्बााब्वे के स्पिनरों रजा, क्रीमर, बर्ल और मसाकाद्जा ने मध्य ओवरों में रन गति पर अंकुश लगा दिया। ब्रैड इवांस के एक ओवर में पवन रत्नायके (44) ने तेजी दिखाई, जिससे श्रीलंका 178 तक पहुंच सका। लेकिन यह स्कोर जिम्बाआब्वे के आत्मविश्वास के सामने कम साबित हुआ।

## श्रीलंका को पटखनी देने के बाद गरजे सिकंदर रजा

**नई दिल्ली।** जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा का कहना है कि सुपर-8 में उनकी टीम बेहतरीन प्रदर्शन कर सकती है और वो पहला मुकाबला जीत सकते हैं। रजा का ये बयान श्रीलंका के खिलाफ6 विकेट से जीत के बाद आया है। उनका मानना है कि उनकी टीम ने, जिस तरह से खेल दिखाया है, उससे वे वेस्टइंडीज को सुपर-8 के अपने पहले मैच में हरा सकते हैं। बता दें कि जिम्बाब्वे की टीम सुपर-8 में भारत के ग्रुप में शामिल है। गुरुवार को कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ खेले गए मुकाबले में जिम्बाब्वे ने 6 विकेट से जीत हासिल की। इसी के साथ उन्होंने बिना कोई मैच हारे सुपर-8 के लिए क्वालीफाई किया है। इससे पहले रजा की अगुवाई वाली टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर उलटफेर किया था लेकिन अब मेजबान श्रीलंका को मात देने के बाद कप्तान रजा ने बाकी टीमों को चेतावनी दी है। श्रीलंका पर जीत के बाद पोस्ट मैच प्रजेंटेशन में बात करते हुए रजा ने कहा, ष्सुपर-8 में पहुंचने के बाद हालात और बेहतर हो सकते हैं। हम सुपर-8 का पहला मैच जीत सकते हैं और मेरा मानना है कि हालात और भी बेहतर हो सकते हैं। हम आगे की ओर देख रहे हैं। पिछले दो हफ्तों से हमारी टीम ने जो मेहनत की है और हम, जिस मुकाम तक पहुंचे हैं, वहां तक किसी ने भी मौका नहीं दिया था। हम लोगों का दिल जीत रहे हैं और उनका सम्मान हासिल कर रहे हैं।

## क्यों करें न इसका अभिनंदन?



स्त्रष्टा की सृष्टि सुहानी में, अनुपम मानव का जीवन पा।
संवेदन, करुणा, कृपा, स्नेह, सारस्य-भाव-संजीवन पा।
दे त्याग भाव, कटुता-कटुत्व, कालुष्य-भाव दानवता का।
मानव बन, मानव गले लगा ले स्वर-सुराव, मानवता का।

कटुता-कुकृत्य, कलही कुबृत्ति, कालुष क्रूरता, कुकल तज दे।
मानवता मुद, मांगल्यमयी, सौजन्य, सुभाव, सकल, सज दे।
सामर्थ्य, सुअर्थकरी कर दे, मानवता हो, अविभाज्य एक।
समरसता सरस, सरसती हो, मत बाँट मनुज, मत कर, अनेक।

कर सामरस्य का आवण्टन, दैन्यता-समूल, सकल हर ले।
दीनार्त, क्षुधार्त, दुखार्त दिखें, वेदनता-शूल, अकल हर ले।

ले देख दृश्य यह, दर्शनीय, इस प्रतिमा का, वन्दन कर ले।
दीनों पर देख, दयार्द इसे, सम्मानित, अभिनंदन कर ले।

शीतार्त, ठण्ड से आर्त, दीन का बनी त्राण-दा सम्बल जो।
ठण्डक से ठिठुरे, आहत को, दे रही, प्राण-दा, कम्बल जो।

कर रही दीन की सेवा है, अगड़े- पिछड़े का, भाव नहीं।
बनती दरिद्र की नारायण, जातिगत कुभाव, दुराव नहीं।

कर, दान-कर्म, कर रहे काम्य, हो रहे, दान दे, मण्डित हैं।
कर, स्वर्ण-कंगनों से भूषित, हो दान-विरत, छवि-खण्डित हैं।

कविगण! निज काव्य-विभूषण से, इस प्रतिमा का श्रृंगार करें। ौदार्य उदार, बखान करें, सम्बल दें, यश-विस्तार करें।

दो शब्द, प्रशंसा-भाव सुमन, दे इसे न, क्यों हो, अभिनंदन?
पावन प्रतिमा, सौहार्द्रमयी, क्यों करें न हम, इसका वन्दन?

दैन्यता-दीन की त्राणमयी, हरती कुबृत्ति- खल-दनुजा है।
मैं नारायणी, निरूप इसे, पूजता प्यार दे, अनुजा है।

**साभार,**
**कवि महेन्द्र राय, आजमगढ़ (उ०प्र०)।**

# जिलाधिकारी ने किया विकासखंड अमापुर का औचक निरीक्षण

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** जिलाधिकारी प्रणय सिंह द्वारा विकासखंड अमापुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर एवं अन्य सरकारी भवनों की भौतिक स्थिति का जायजा लिया गया। इस दौरान कुछ भवन अत्यंत जर्जर अवस्था में पाए गए। जिलाधिकारी ने जर्जर भवनों को सुरक्षा की दृष्टि से नि: प्रयोज्य कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जर्जर भवनों से किसी भी प्रकार की दुर्घटना की



आशंका बनी रहती है, इसलिए उन्हें शीघ्र चिन्हित कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भवनों की स्थिति की रिपोर्ट तत्काल प्रस्तुत करें तथा निष्प्रयोज्य भवनों को हटाने अथवा ध्वस्त करने की प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। साथ ही, सुरक्षित भवनों में ही कार्यालय कार्य संचालित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं का त्वरित समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी वीरेन्द्र सिंह, जिला परियोजना निदेशक, खंड विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक ने यादव-जी की लव स्टोरी फिल्म का किया विरोध

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** जनपद संभल में यादव-जी की लव स्टोरी फिल्म को लेकर विरोध-प्रदर्शन जारी है। फिल्म के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बावजूद यादव समुदाय का गुस्सा शांत नहीं हो रहा है। गुरुवार को बीजेपी के पूर्व विधायक अजीत कुमार राजू यादव के नेतृत्व में सैकड़ों यादव और अन्य हिंदू समुदाय के लोगों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। गुरुवार को पूर्व विधायक अजीत कुमार राजू यादव ने जनपद संभल की तहसील गुन्नौर के बबराला कस्बे स्थित अपने आवास से सैकड़ों समर्थकों के साथ विरोध मार्च निकाला। यह मार्च जिला कलेक्ट्रेट बहजोई पहुंचा, जहां डिप्टी कलेक्टर



नीतू रानी को फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया। पूर्व विधायक और पूर्व मंत्री अजीत कुमार राजू यादव ने कहा कि श्यादव-जी की लव स्टोरी फिल्म में यादव समाज के चरित्र को गलत तरीके से दर्शाया गया है। उनका आरोप है कि इससे यादव और हिंदू समाज पर गलत प्रभाव पड़ रहा है, जो स्वीकार्य नहीं है। पूर्व मंत्री ने मांग की कि यह फिल्म रिलीज नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी फिल्में जो समाज को प्रभावित करती हैं, उन्हें नहीं बनाया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि संभल पुलिस ने इस संबंध में एक मुकदमा दर्ज किया है और जल्द ही दूसरा मुकदमा भी दर्ज होगा।

उन्होंने पूरे प्रदेश और देशवासियों से ऐसी फिल्मों का विरोध करने का आह्वान किया। नगर पालिका परिषद बहजोई के चेयरमैन राजेश शंकर राजू ने इस विरोध को विपक्ष की सोची-समझी साजिश बताया। उन्होंने कहा कि यादव, ब्राह्मण या किसी भी हिंदू समाज की बेटियों का फिल्मों में गलत चित्रण किया जा रहा है, जिससे हिंदू समाज की भावनाएं आहत हो रही हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि फिल्मों को लेकर हिंदू समाज में बढ़ता आक्रोश सड़कों पर दिख रहा है और यह दिन-प्रतिदिन और बढ़ेगा। प्रदर्शन में मुख्य रुप से विष्णु यादव, वीरेश यादव, उमेश यादव, सुखबीर यादव, मनोज यादव, सुरेश यादव, पूर्व प्रधान हरेंद्र यादव, संतोष, हरिओम कुमार, सोनू यादव समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल ।** बृहस्पतिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संभल की नई सदर तहसील पर मनरेगा बचाओ आंदोलन को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा लखनऊ में मनरेगा बचाओ आंदोलन के तहत शांतिपूर्ण तरीके से कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जो विधानसभा घेराव किया जा रहा था उसमें सरकार के इशारे पर पुलिस के द्वारा बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज किया गया जिसमें प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सहित अनेक कांग्रेस के कार्यकर्ता घायल हुए उनको न्याय दिलाने के लिए आज नई तहसील



संभल पर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन किया गया इसके पश्चात जिला कांग्रेस कार्यालय चंदौसी रोड सम्भल पर अनुसूचित विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रदीप सरोहा गंगाराम कठेरिया ने कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के लिए नए जिला अध्यक्ष नियुक्त करने के लिए पदाधिकारियों से चर्चा की साथ ही साथ उन्होंने अनुसूचित जाति एवं पिछला वर्ग पर हो रहे शोषण एव अत्याचार को रोकने के लिए संगठित होने पर बल दिया बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस जिला अध्यक्ष आरिफतुर्की ने की तथा संचालन शहर अध्यक्ष किशोर गौतम ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष विजय शर्मा सफी सैफी डी के वाल्मीकि संजीव कुमार साहू कौस्तुभ रस्तोगी संजय सक्सेना सतपाल यादव जयप्रकाश सहगल मनोज भास्कर होम सिंह चुन्नीलाल सैनी कलीम अशरफ मौसम हुसैन अंजार तुर्की निसार अहमद फुरकान कुरैशी सुनील सागर विपिन सागर शर्म सिंह तब्बन खान आदि लोग मौजूद रहे।

# परिवहन विभाग ने ओवरलोड वाहनों पर कसा शिकंजा

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** जनपद संभल में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत अमिताभ चतुर्वेदी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन प्रवर्तन सम्भल एवं योगेन्द्र कुमार यादव यात्रीध्मालकर अधिकारी, सम्भल द्वारा ओवरलोडिंग माल वाहनों एवं बिना हेलमेट दो पहिया वाहनों के संचालन के विरूद्ध विशेष चेकिंग अभियान चला गया, जिसमें ०3



ओवरलोडिंग माल वाहनों को थाने में निरूद्ध करते हुए बिना हेलमेट दो पहिया वाहनों के संचालन करते हुए पाये जाने पर 25 वाहनों का चालान किया गया। इसके अलावा चालक वाहन चालकों परिचालकों को ओवरलोड वाहन न चलाने, सभी प्रपत्रपूर्ण रखने, वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करने, तीव्र गति से वाहन न चलाने, नशा अथवा नींद की स्थिति में वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने आदि के प्रति जागरूक किया गया।

## सार-संक्षेप

### एएमयू के शोधार्थी को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के वन्यजीव विज्ञान विभागएएमके-बायोलैब के शोधार्थी संदीप कुमार कौशल ने गुजरात के भावनगर में 17 जनवरी को आयोजित पैनोरमा ऑफ लाइफ साइंसेज विषयक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में द्वितीय सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति पुरस्कार प्राप्त किया। यह सम्मेलन महाराजा कृष्णा कुमार सिंह जी भावनगर यूनिवर्सिटी में आयोजित हुआ था।

कौशल का शोध लुप्तप्राय भारतीय पैंगोलिन तथा रैटल (हनी बैजर) के संरक्षण पर केंद्रित है। उनकी प्रस्तुति को विशेषज्ञों एवं प्रतिभागियों ने गुणवत्ता, मौलिकता और स्पष्टता के लिए सराहा। यह लगातार दूसरा अवसर है जब उन्हें किसी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में सम्मानित किया गया है, जो वन्यजीव क्षेत्राधारित शोध और संरक्षण में उनके निरंतर योगदान को रेखांकित करता है। पुरस्कार स्वरूप प्रमाण-पत्र एवं स्मृति-चिह्न जीवन विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. भरतसिंह तथा सर पी.पी. इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के डॉ. शैलेश के. मेहता द्वारा प्रदान किए गए। उनकी इस उपलब्धि पर शोध निर्देशक डॉ. अहमद मसूद खान ने बधाई देते हुए इसे एएमके-बायोलैब और वन्यजीव विज्ञान विभा आदि।

### सैप्टिक टैंक, सण्डास का मलबा नाले में डालना पड़ेगा मंहगा

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** नगरीय क्षेत्र में खुले में नाले-नालियों सड़क, खुले क्षेत्र में सैप्टिक टैंकध्सण्डास के मलबे को बहाकर शहर की स्वच्छता को दाग लगाने पर नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने रोक लगाते हुये ऐसा करने वाले आपरेटर्स पर सख्त से सख्त कार्यवाही करने के निर्देश महाप्रबंधक जल पी०के०सिंह को दिये।

नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि नगरीय क्षेत्र में रोजाना निकलने वाले हैजाडस्ट वेस्ट और सीवर से निकलने वाले वेस्ट के वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण के लिए यह प्लांट बेहद उपयोगी है इस प्लांट की मदद से घरों से निकलने वाले सीवर वेस्ट का वैज्ञानिक ढंग से निस्तारण हो सकेगा। सीवर टैंक खाली करने वाले यदि खुले में अथवा नाले में सीवर वेस्ट डालते हुए पाए जाते हैं तो उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी उन्होंने कहा सभी सीवर टैंक खाली करने वाले व्यक्ति इस प्लांट में ही अपने वेस्ट का निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा अलीगढ़ में नगरीय सीमा के विस्तार और बढ़ती हुई आबादी व सीवर वेस्ट को खुले में डालने से होने वाले संक्रमण को देखते हुए एफएसटीपी की उपयोगिता बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अलीगढ़ फीकल स्लज, सेप्टेज एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन विनियम-2०21 की धारा 1.1 के अनुसार नाली, सड़क, खुले क्षेत्र में अपशिष्ट जल का सीधे, असुरक्षित निर्वहन किये जाने पर दण्ड का प्राविधान है उन्होनें बताया कि घरों के सैप्टिक टैंक, सण्डास आदि से निकले हुए फीकल स्लज मलबे को नगर निगम द्वारा संचालित बरौला बाईपास पर पानी की टंकी के निकट स्थित फीकल स्लज ट्रीटमेण्ट प्लाण्ट पर ही निस्तारित हेतु प्राप्त करायें। नगर आयुक्त ने कहा फीकल स्लज डी-स्लजिंग ओपरेटर अथवा उपभोक्ता के फीकल स्लज को खुले में निपटान करते हुए पाये जाने की स्थिति में उपरोक्त विनियम की धारा 25, 26 व 31 के अनुसार ?1०,०००.०० का अर्थ दण्ड का प्राविधान है। नगर आयुक्त ने कहा डी स्लजिंग ओपरेटर अपनी फर्म का रजिस्ट्रेशन जलकल विभाग, नगर निगम, अलीगढ़ के महाप्रबन्धक (जल) कार्यालय कक्ष सं० 3०9, नगर निगम, अलीगढ़ (नगर निगम सेवा भवन, लाल डिग्गी) में करा सकते है।

# एसपी ने 38 कांस्टेबल ओर एक दरोगा को किया लाइन हाजिर

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पुलिस चौकी प्रभारी सहित 38 कांस्टेबल और हेड कांस्टेबल को लाइन हाजिर कर दिया है। यह कार्रवाई बुधवार-गुरुवार की मध्यरात्रि में पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी आदेश के बाद की गई।लाइन हाजिर किए गए पुलिसकर्मियों में थाना धनारी की पुलिस चौकी सुल्तानगढ़ के प्रभारी सुनील कुमार दिवाकर भी शामिल हैं। उनके साथ जनपद के विभिन्न थानों से कांस्टेबल और हेड कांस्टेबल को पुलिस लाइन भेजा गया है। लाइन

| क्र० सं० | नाम | कहां से | कहां को |
|---|---|---|---|
| 1 | उ0नि0 सुनील कुमार दिवाकर, पीएनओ- 223210024 | चौ0प्र0 सुल्तानगढ़, धनारी | पुलिस लाइन |
| 2 | मु0आ0 1321 सन्नी कुमार | थाना धनारी | पुलिस लाइन |
| 3 | मु0आ0 263 रामाधार | थाना बबराला | पुलिस लाइन |
| 4 | मु0आ0 24 विकास | थाना रजपुरा | पुलिस लाइन |
| 5 | मु0आ0 56 मनवीर | थाना नखासा | पुलिस लाइन |
| 6 | मु0आ0 239 मल्टी चौहान | थाना रायसत्ती | पुलिस लाइन |
| 7 | मु0आ0 220 विकास चिकारा | थाना सम्भल | पुलिस लाइन |
| 8 | मु0आ0 495 दिलशाद | थाना हजरतनगरगढ़ी | पुलिस लाइन |
| 9 | मु0आ0 511 सोमेश | थाना कैलादेवी | पुलिस लाइन |
| 10 | मु0आ0 357 योगेश तोमर | थाना असमौली | पुलिस लाइन |
| 11 | मु0आ0 521 विपिन कुमार | थाना कुढ़फतेहगढ़ | पुलिस लाइन |
| 12 | मु0आ0 367 अरूण कुमार | थाना बनियाठेर | पुलिस लाइन |
| 13 | आरक्षी 126 चतर सिंह | थाना बहजोई | पुलिस लाइन |
| 14 | आरक्षी 777 बंटी कुमार | थाना बहजोई | पुलिस लाइन |
| 15 | आरक्षी 481 विशाल | थाना गुन्नौर | पुलिस लाइन |
| 16 | आरक्षी 597 योगेश कुमार | थाना गुन्नौर | पुलिस लाइन |
| 17 | आरक्षी 149 नितिन | थाना गुन्नौर | पुलिस लाइन |
| 18 | आरक्षी 369 कादिर चौधरी | थाना धनारी | पुलिस लाइन |
| 19 | आरक्षी 640 पवन कुमार | थाना बबराला | पुलिस लाइन |
| 20 | आरक्षी 02 मदन गोपाल | थाना बबराला | पुलिस लाइन |
| 21 | आरक्षी 474 तनवीर | थाना बबराला | पुलिस लाइन |
| 22 | आरक्षी 1371 विराज | थाना जुनावई | पुलिस लाइन |
| 23 | आरक्षी 534 पूरन | थाना रजपुरा | पुलिस लाइन |
| 24 | आरक्षी 721 अंजुल कुमार | थाना रजपुरा | पुलिस लाइन |
| 25 | आरक्षी 551 गोपाल | थाना नखासा | पुलिस लाइन |
| 26 | आरक्षी 1165 रवि सैनी | थाना नखासा | पुलिस लाइन |
| 27 | आरक्षी 1133 राहुल कुमार | थाना सम्भल | पुलिस लाइन |
| 28 | आरक्षी 1179 संजीव | थाना हजरतनगरगढ़ी | पुलिस लाइन |
| 29 | आरक्षी 1210 हरेन्द्र | थाना हयातनगर | पुलिस लाइन |
| 30 | आरक्षी 741 प्रमोद गिल | थाना हयातनगर | पुलिस लाइन |
| 31 | आरक्षी 1150 विवेक त्यागी | थाना हयातनगर | पुलिस लाइन |
| 32 | आरक्षी 740 आरिफ | थाना हयातनगर | पुलिस लाइन |

हाजिर किए गए कांस्टेबलों और हेड कांस्टेबलों में सन्नी कुमार थाना धनारी, रामाधार थाना बबराला विकास थाना रजपुरा मनवीर थाना नखासा, मल्टी चौहान थाना रायसत्ती, विकास चिकारा थाना सम्भल दिलशाद थाना हजरतनगर गढी सोमेश थाना कैलादेवी, योगेश तोमर थाना असमौली, विपिन कुमार थाना कुढफतेहगढ अरूण कुमार थाना बनियाठेर चतर सिंह थाना बहजोई, बंटी कुमार थाना बहजोई विशाल थाना गुन्नौर योगेश कुमार व नितिन थाना गुन्नौर, कादिर चौधरी थाना धनारी, पवन कुमार थाना बबराला, मदन गोपाल थाना बबराला तनवीर (थाना बबराला विराज थाना जुनावई), पूरन थाना रजपुरा अंजुल कुमार थाना रजपुरा गोपाल थाना नखासा रवि सैनी थाना नखासा राहुल कुमार थाना सम्भल संजीव थाना हजरतनगरगढी हरेन्द्र, विवेक त्यागी, आरिफ व प्रमोद गिल थाना हयातनगर सुलभ राठी थाना एचौडा कम्बोह कासिम व अंकित कुमार थाना असमौली सचिन थाना बनियाठेर गोविंदा थाना चन्दौसी, विष्णु चौधरी थाना चन्दौसी और शुभम आर्य यातायात शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक ने तीन दिन पहले भी भ्रष्टाचार और शिकायतों के आधार पर बड़ी कार्रवाई की थी। उस समय पूरी एसओजी टीम को निलंबित कर दिया गया था। मोहित कुमार को निलंबित करते हुए थाना रायसत्ती के प्रभारी रहे बोबिंद्र कुमार को नया एसओजी प्रभारी नियुक्त किया गया था।

# आज 2० फरवरी 2026 को वितरण शिविर का आयोजन




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र कार्यालय कासगंज में आज 2० फरवरी 2026 को ऋण वितरण शिविर का आयोजन। शिविर का उद्देश्य जनपद के उद्यमियों, स्वरोजगार स्थापित करने के इच्छुक युवाओं तथा लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत ऋण सुविधा उपलब्ध कराना। उक्त ऋण वितरण शिविर में बैंक ऑफ बड़ौदा, कासगंज द्वारा 11:०० बजे ऋण वितरण की कार्यवाही की जायेगी। जिला उद्योग अधिकारी सुधीर चन्द्र गर्ग ने कहा कि इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे तथा जनपद में औद्योगिक एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

# एंटी करप्शन टीम ने कानून को और मुंशी को रंगे हाथों किया गिरफ्तार

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल ।** एंटी करप्शन टीम ने एक कानूनगो और और उसके निजी मुंशी को चौदह हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह रिश्वत किसान से नक्शा दुरुस्तीकरण रिपोर्ट देने के नाम पर ली जा रही थी। गिरफ्तारी के बाद टीम ने दोनों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की। गुरुवार को संभल जनपद की गुन्नौर तहसील क्षेत्र में की गई। एंटी करप्शन टीम ने कादराबाद क्षेत्र के संपत्ति कानूनगो तस्लीम अहमद और निजी मुंशी महेंद्र पाल को गिरफ्तार किया। बलवीर (पुत्र डंबर, निवासी ढंडूमरा) ने शिकायत की थी कि एडीएम कोर्ट संभल में चल रहे नक्शा दुरुस्तीकरण के मामले में



रिपोर्ट देने के लिए उनसे14,००० की रिश्वत मांगी जा रही थी। शिकायत के आधार पर एंटी करप्शन टीम ने जाल बिछाया और दोनों को रंगे हाथों पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद टीम दोनों को गुन्नौर थाने ले गई, जहां उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। नोटों पर लगे पाउडर के साक्ष्य दोनों के हाथों से बरामद किए गए और नमूने सील कर दिए गए। एंटी करप्शन टीम का नेतृत्व निरीक्षक नवल मारवाह ने किया। उन्होंने अपनी शिकायत में इस मामले की विवेचना निरीक्षक राखी को सौंपने का अनुरोध किया है। कार्यवाही देख जनपद के सरकारी विभागों में हड़कंप मच गया।

# 18 फरवरी 2०26 से 12 मार्च 2०26 तक बोर्ड परीक्षाए प्रारंभ

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** जिला विद्यालय निरीक्षक जगदीश प्रसाद शुक्ल ने बताया प्रथम पाली प्रात: 8:3० बजे से 11रू45 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से 5:15 बजे तक। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 64 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। हाईस्कूल में 21,717 तथा इंटरमीडिएट में 18,645 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। इस प्रकार कुल 4०,362 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। डीआईओएस ने बताया कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे एवं वॉयस रिकॉर्डर युक्त कक्षों में परीक्षा कराई जाएगी। परीक्षा की निगरानी हेतु ०3 जोनल मजिस्ट्रेट, ०8 सेक्टर मजिस्ट्रेट, प्रत्येक केन्द्र



पर ०1 स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं ०1 बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक की तैनाती की गइं। 64 केन्द्रों में से ०3 को अतिसंवेदनशील तथा 14 को संवेदनशील श्रेणी में चिन्हित किया गया है। इसके अतिरिक्त 7 सचल दल गठित किए गए हैं जो लगातार निरीक्षण करेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि परीक्षा केन्द्रों की ऑनलाइन मॉनीटरिंग के लिए जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कासगंज में स्थापित किया गया है। साथ ही मंडलीय, क्षेत्रीय (मेरठ) एवं प्रदेश स्तरीय कंट्रोल रूम (लखनऊ) से भी 24/7 निगरानी की जाएगी। परीक्षाओं को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। जनपद कासगंज में दो संकलन केंद्र बनाए गए बी ए बी इंटर कॉलेज में प्रथम पाली हाई स्कूल के संकेतक 8०1 के बालक पंजीकृत 6638 व बालिका 5621 पंजीकृत थे कुल योग 12259 संख्या थी, जिसमें 6354 बालक उपस्थित रहे ,बालिका 5146 उपस्थित रहे,

कुल 115००उपस्थित रहे, बालक अनुपस्थित 481 रहे बालिका 278 अनुपस्थिति रही कल 759 अनुपस्थित रही वही संकेताक 8०2 में बालक एक उपस्थित था, एसबीआर इंटर कॉलेज पटियाली संकलन केंद्र में संकेतक 8०1 के अंतर्गत बालक 5272 पंजीकृत थे, 4175 बालिकाएं पंजीकृत थी, कुल योग 9447 उपस्थित छात्रों की 48०2 छात्राओं की उपस्थिति 3951 थी कुल योग छात्र-छात्राओं का 8773 वहीं छात्र चार से 7० व छात्राएं दो से 24 कल 674 अनुपस्थित रहे, संकेतक 8०2 में एक छात्र उपस्थित रहा, इंटरमीडिएट में पंजीकृत छात्र संख्या 1००96 वही छात्राओं की संख्या 7882 कुल योग 17978 जिसमें छात्र उपस्थित रहे 9319 व छात्राएं उपस्थित रही 7564 कल उपस्थित 16883 छात्र अनुपस्थित रहे 777 छात्राएं अनुपस्थिति रही 318 कुल छात्र-छात्राएं 1०95 अनुपस्थित रहे यह सूचना कंट्रोल रूम द्वारा प्राप्त कराई गई, जिला विद्यालय निरीक्षक जगदीश प्रसाद शुक्ला ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

# वांछित अभियुक्त को अवैध असलहा व मोबाइल सहित किया गया गिरफ्तार




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में जनपद में वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व में थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त सोनू पुत्र रमेशचन्द्र निवासी मौहम्मदाबाद थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद को बन्ना रोड पर चबूतरे वाले पीपल के पेड के पास थाना टूण्डला से 1 अवैध तमंचा 315 बोर, ०1 जिन्दा कारतूस 315 बोर व एक मोबाइल (जिससे वादी मुकदमा को धमकी का मैसेज भेजा गया ) सहित गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त सोनू उपरोक्त के विरूद्ध थाना टूण्डला पर किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त सोनू को मा० न्यायालय के समक्ष पेश कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण वादी प्रिंस पुत्र विनोद कुमार उर्फपप्पू नि० मौहम्मदाबाद थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद द्वारा थाना टूण्डला पर तहरीर दी गयी कि अभियुक्त सोनू पुत्र रमेशचन्द्र निवासी मौहम्मदाबाद थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद द्वारा वादी के फोन पर मैसेज भेजकर 5० हजार रुपये की रंगदारी माँगी गयी है और ना देने पर वादी को जान से मारने की धमकी दी गयी हैं।

# मेगा विधिक सहायता शिविर 22 फरवरी को



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** जनसामान्य को विधिक सेवाओं और सरकारी योजनाओं का त्वरित लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 22 फरवरी को नुमाइश मैदान स्थित कोहिनूर मंच पर मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर की तैयारियों को लेकर अपर जिला न्यायाधीश प्रतिभा सक्सेना ने पुस्तकालय कक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ विस्तृत अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

एडीजे ने अनुपस्थित अधिकारियों के प्रति गहरी नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि इस प्रकार की पुनरावृत्ति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि मेगा शिविर का शुभारंभ प्रातः 1० बजे होगा। सभी संबंधित अधिकारियों को समय से उपस्थित रहकर सुव्यवस्थित ढंग से आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अपर जिला जज ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विधिक सहायता, शासकीय योजनाओं और जनकल्याणकारी सुविधाओं का वास्तविक लाभ पहुंचाना है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को शिविर के माध्यम से लाभान्वित किया जाए। बैठक में एडीजे तोष कुमार एवं रवीश कुमार अत्री, प्रभारी सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण अंकित राज सिंह, एडीएम न्यायिक, डीआईओएस, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, एडी फिशरीज, दिव्यांगजन अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# साइबर सेल टीम द्वारा शिकायत का संज्ञान



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** पुलिस सभी नागरिकों से अपील करती है कि डिजिटल माध्यमों का प्रयोग करते समय सतर्क रहें, किसी भी संदिग्ध लिंक, कॉल, संदेश पर अपनी निजी जानकारी साझा न करें । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में जनपद में साइबर अपराध एवं ठगी की घटनाओं पर अंकुश लगाने व साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहें।

विशेष अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल नेतृत्व में साइबर सेल टीम द्वारा एनसीआरपी शिकायत संख्या, 331०725००84944 का संज्ञान ले ठगी गय कुल 27,999 रूपये की धनराशि वापस कराई गयी है। आवेदक विनोद कुमार राठौर पुत्र यादराम राठौर निवासी नगला करन सिंह थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद के साथ 27999 रूपये के साइबर फ्राड के सम्बन्ध में आवेदक द्वारा भारत सरकार द्वारा संचालित नसीआरपी पोर्टल पर शिकायत संख्या-331०725००84944 दर्ज करायी गयी कि आवेदक से एपीके फाइल के जरिये अज्ञात साइबर ठगों द्वारा उसके साथ 27999 रूपये की ठगी कर ली गयी है। घटना का सज्ञांन लेते हुए साइबर सेल टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित बैंक, नोडल एजेंसी से पत्राचार करते हुए आवेदक के 27999 रूपये वापस कराये गये। आवेदक द्वारा फिरोजाबाद पुलिस को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया गया।

# पीस कमेटी मीटिंग का आयोजन



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** आगामी त्योहार होली, रमजान एवं ईद के दृष्टिगत होली सुरक्षा समितियों, व्यापारियों, धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों संग की गयी पीस कमेटी मीटिंग वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर, ग्रामीण, समस्त क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत पीस कमेटी के सदस्यों, होली सुरक्षा समितियों, व्यापारियों, सभी धर्मों के धर्मगुरुओं एवं सम्भ्रान्त नागरिकों संग पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गई । मीटिंग में उपस्थित समस्त पीस कमेटी के सदस्यों, होली सुरक्षा समिति के सदस्यों, व्यापारियों, सभी धर्मों के धर्मगुरुओं एवं सम्भ्रान्त नागरिकों से विचार विमर्श करते हुए आगामी त्यौहार होली, रमजान व ईद के मद्देनजर कानून-व्यवस्था, आपसी समन्वय, भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की गई।

## सार-संक्षेप

### 7० लाख की आईटीसी हड़पने वाले गैंग के चार सदस्य गिरफ्तार



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने एक फर्जी व्यवसायिक फर्म रजिस्टर कर करीब 4 करोड़ 7० लाख रुपये के फर्जी बिल तैयार किए। कागजों में खरीद-बिक्री दिखाकर लगभग 7० लाख रुपये की इनपुट टैक्स क्रेडिट क्लेम की गई और सरकार को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया।

पुलिस के मुताबिक अभियुक्तों ने एक फर्जी व्यवसायिक फर्म रजिस्टर कर करीब 4 करोड़ 7० लाख रुपये के फर्जी बिल तैयार किए। कागजों में खरीद-बिक्री दिखाकर लगभग 7० लाख रुपये की इनपुट टैक्स क्रेडिट क्लेम की गई और सरकार को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन के निर्देशन में साइबर क्राइम टीम और एसआईटी (जीएसटी) ने तकनीकी जांच के आधार पर लकी वार्ष्णेय, सासनी गेट, करन वार्ष्णेय, कोतवाली क्षेत्र, सुनील कुमार, रामबाग कॉलोनी, रामबाबू, अतरौली को गिरफ्तार कर लिया। जिनके पास से पुलिस ने 3 लैपटॉप, 5 मोबाइल फोन, अभियुक्त रामबाबू का बोगस फर्म में प्रयुक्त आधार कार्ड, अभियुक्त लकी के मोबाइल में बोगस फर्म की यूजर आईडी-पासवर्ड, 4 एटीएम कार्ड आदि भी बरामद किया है।

### डीएम के निर्देश पर ग्रामीण स्वच्छता अभियान तेज

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन के निर्देश पर जिलेभर में ग्रामीण स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए व्यापक अभियान तेज कर दिया गया है। प्रशासन ने प्रत्येक ग्राम पंचायत में साफ-सफाई की व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए नियमित समीक्षा और कड़ी निगरानी के निर्देश जारी किए हैं। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी यतेंद्र सिंह को निर्देशित किया है कि गांवों की गलियों, नालियों, सामुदायिक शौचालयों, पंचायत भवनों, बाजारों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों की शत-प्रतिशत सफाई सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वच्छता कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शिथिलता पाए जाने पर संबंधित कर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभियान के तहत ग्राम स्तर पर निरीक्षण व्यवस्था को और सुदृढ़ किया गया है। सफाई कार्य की दैनिक मॉनिटरिंग, स्वच्छता रजिस्टर का संधारण एवं फोटो आधारित रिपोर्टिंग अनिवार्य कर दी गई है। जिला पंचायत राज अधिकारी ने सभी सफाई कर्मचारियों और ग्रामीण स्वच्छता कार्मिकों को निर्देश दिए हैं कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार नियमित सफाई, कूड़ा उठान और नालियों की सफाई सुनिश्चित की जाए। जलभराव या गंदगी की शिकायत मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर समस्या का निस्तारण करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशों के क्रम में जिले में पूर्व से संचालित स्वच्छता एप के माध्यम से घर-घर कूड़ा संग्रहण की व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जा रहा है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक सचिव की निगरानी में क्यूआर कोड आधारित प्रणाली लागू की गई है, जिसके तहत घरों से प्रतिदिन एक रुपये के हिसाब से उपयोग शुल्क सीधे ओएसआर खाते में जमा होगा। इससे स्वच्छता व्यवस्था को आत्मनिर्भर और पारदर्शी बनाने में मदद मिलेगी। पंचायतीराज विभाग ने ग्रामीणों से स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील करते हुए कहा है।

# थाना पचोखरा का किया गया वार्षिक निरीक्षण



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** वार्षिक निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा जनसुनवाई रजिस्टर, यूपी कॉप ऐप, आईजीआरएस, मुख्यमंत्री पोर्टल एवं महिला हेल्पडेस्क पर महिलाओं से सम्बन्धित प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध निस्तारण की गहन समीक्षा की गई तथा सम्बन्धित अधिकारियों, कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए इसी क्रम में महोदय द्वारा अपराध रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया गया सीसीटीएनएस० पर चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता को चेक किया गया तथा मालखाने का निरीक्षण किया गया। थाना क्षेत्र के टॉप-1० अपराधियों, हिस्ट्रीशीटर अपराधियों, जिलाबदर अपराधियों, एनडीपीएस० एक्ट, अवैध शराब एवं निरोधात्मक कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुए प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा थाना परिसर में उपलब्ध समस्त शस्त्रों का निरीक्षण किया गया एवं उनके सुरक्षित संचालन व रख-रखाव के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण कर महिला सुरक्षा एवं सहायता से सम्बन्धित व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई तथा सभी को निर्देशित किया गया कि थाने पर आने वाले प्रत्येक फरियादी के साथ शालीन एवं मधुर व्यवहार किया जाए तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों के आधार पर समयबद्ध एवं निष्पक्ष कार्यवाही सुनिश्चित की जाए निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी टूण्डला, रीडर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद, आशुलिपिक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद, थाना प्रभारी पचोखरा व अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे निरीक्षण के पश्चात महोदय द्वारा ग्राम चौकीदारों को टिफिन वितरित किये गये साथ ही सलामी गार्द के बेहतरीन प्रदर्शन के लिये उ.नि जाहिद अली, आ० 342 अकिंत मलिक, आ० 727 संजय कुमार, आ० 1442 तरूण, आ० 1०8 संदीप कुमार को नकद पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया व कार्यालयी रजिस्टरों को आद्यवधिक रखने, कार्यालयी कार्यों की अच्छी जानकारी हेतु है। कां० 921 मुकेश फौजदार, आ० 586 दिनेश शर्मा को नकद पुरस्कार दिया गया एवं मिशन शक्ति हेल्पडेस्क के उत्कृष्ट रख-रखाव, कार्य के प्रति समर्पण एवं बेहतर जानकारी के लिए उ.नि निशा बंसल, महिला आरक्षी 1419 आस्था व महिला आरक्षी 1527 डिम्पल को नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# बेटे की शादी से पहले मां भांजे के साथ फरार



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अतरौली में शादी से पहले दुल्हे की मां अपने भांजे के साथ फरार हो गई। पति महिला की तलाश में इधर-उधर भटक रहा है। थाने के भी चक्कर लगा रहा है। पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है।

महिला के पति ने आरोप लगाते हुए बताया कि पालीमुकीमपुर क्षेत्र के एक गांव में उसका भांजा रहता है। भांजा अक्सर घर आता-जाता था। 25 जनवरी को उसकी पत्नी मायके गई थी। वहां से वापस लौटते समय उसका भांजा विक्रम मिल गया। वह बहला-फुसलाकर अपनी मामी को अपने साथ ले गया। तभी से वह रिश्तेदारों से संपर्क कर महिला की तलाश में लगा रहा, लेकिन कोई पता नहीं चला। पति का आरोप है कि पूछने पर दूसरा पक्ष उसे उल्टा धमकाने लगे। उसने थाने में शिकायत की। 8 फरवरी को पुलिस ने नौ लोगों को नामजद करते हुए रिपोर्ट दर्ज कर ली। पति ने बताया कि 8 मार्च को उसके बेटे की शादी है। परिवार के सभी सदस्य शादी की तैयारियों में लगे हुए थे। बेटे की शादी के लिए उसकी ननिहाल वालों ने मंगलसूत्र, चेन, पायजेब, अंगूठी आदि जेवर भी खरीदे थे। महिला उन जेवरों सहित एक लाख रुपये नकद मायके से लेकर आ रही थी।

# पूर्व मंत्री स्वर्गीय ख्वाजा हलीम को श्रद्धांजलि अर्पित की



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु०अ०सं० 18०/2०26 धारा 115(2)/351(2) 352/1०9/118(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त अदनान पुत्र सैय्यद जुनैद निवासी मुश्ताक बिल्डिंग राजाराम की मूर्ति के पास थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया है एवं घटना में प्रयुक्त एक कन्नी बरामद की गयी है।

गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर मा० न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा हैं। नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त अदनान पुत्र सैय्यद जुनैद निवासी मुश्ताक बिल्डिंग राजाराम की मूर्ति के पास थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।

# पाक महीना रमजान और होली के संबंध में इस्लामिक सेंटर सचिव ने जारी की 8 सूत्री एडवाइजरी




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** रमजान और होली के संबंध में इस्लामिक सेंटर मदीना कॉलोनी फिरोजाबाद के सचिव मौलाना आलम मुस्तफा याकूबी ने 8 सूत्री एडवाइजरी जारी करते हुवे कहा की चाँद दखते ही 19 या 2० फरवरी से रमजान का पवित्र महीना शरू हो रहा है यह मुसलमानो का पाक मुकददस महीना है इसमें लोगों के गुनाहों को माफ किया जाता है इस में लोग दिन में रोजा रखते हैं और रात में 2० रकात तरावीह मर्द मस्जिदों में और महिलाएं घरों में पढ़ती हैं। सभी मुस्लिम भाई बहन इस माह के रोजे रखें और पूरे महीने तरावीह पढ़ें और अपने गुनाहों की माफी मांगे और अपने रिश्ते नाते जोड़ें। चाँद देखना सवाब है इस्लामिक सेंटर मदीना कॉलोनी मस्जिद आयशा में टेलस्कोप के जरिये चाँद देखा जाएगा, यह वेवस्था पूरी आगरा मण्डल में सिर्फ इस्लामिक सेंटर मस्जिद आयशा में है इसलिए चाँद देखने तशरीफलाएं। इसी महीने की 3, 4, मार्च में होली है और पवित्र माह रमजान भी चल रहा होगा इस को देखते हुवे इस्लामिक सेंटर नें गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी जारी की एडवाइजरी। रोजा रखना हर मुस्लमान बालिग मर्द,औरत पर पूरे महीने फर्ज हैं इसलिए सभी रोजा रखें। इसी रमजान माह में इस वर्ष हमारे हिन्दू भाइयों का बड़ा त्योहार होली है इसमें हमारे नौजवान एक दूसरे की भावनाओं का ख्याल रखें गली मोहल्ले, बाजारों में घूमने के बजाए मस्जिद या घर में रह कर इबादत करें। अपने मोहल्ले की मस्जिद मे नामज पड़ें।

रमजान की एक इबादत जरूरतमंदों मिस्किनो गरीबों को तलाश करके जकात, सदकात, खैरात (दान ) देकर उनकी गरीबी को दूर करने में मदद करें। रमजान पवित्र माह के आखिरी दस दिन में एतिकाफ करना (जो मोहल्ले की मस्जिद में दस दिन का होता है) बड़ा सवाब है। रमजान में अपनी अपनी मस्जिदों के माइक की आवाज को स्लो (धीमी रखें ) और सेहरी के वक्त हरगिज माइक पर शोर हंगामा ना करें जिस से किसी दूसरे को तकलीफहो सभी एक दूसरे के जज्बात का ख्याल रखें। रमजान में कसी रोजेदार को अफ्तार कराना बड़ा सवाब है लेकिन यह याद रखें की हलाल लुकमे से अफ्तार हो इसका खास ख्याल रखें। रमजान के आखरी अशरे की किसी 5 रातों में से किसी एक में शबेकद्र हो सकती है उस में खास तोर पर मस्जिद या घर में रह कर इबादत करें इसका एक हजार महीनों की इबादत के बराबर सवाब मिलता है। इसमें सड़कों और बाजारों और कैंटीन में अपना वक्त खराब ना करें। सड़कों पर रास्तों मे रास्ता रोकर नमाज अदा ना करें।

# एसडीएम स्मृति मिश्रा ने किया धामपुर शुगर मिल द्वारा ग्राम हर्रा में तालाब का लोकार्पण





**एसडीएम स्मृति मिश्रा को धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने बुके देकर किया स्वागत**

अमर भास्कर ब्यूरो

**धामपुर।** उप जिलाधिकारी, धामपुर स्मृति मिश्रा के द्वारा ग्राम हर्रा अहमदपुर जलाल में तालाब का लोकार्पण किया। इस अवसर पर धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता, ग्राम प्रधान अनीता देवी, जैतरा के ग्राम प्रधान आदित्य वीर सिंह, गजुपुरा के प्रधान इंद्रवीर सिंह और चौधरी अरुण प्रताप सिंह उपस्थित थे।

उप जिलाधिकारी स्मृति मिश्रा को धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने बुके देकर स्वागत किया। इसके बाद मां सरस्वती का दीप प्रज्वलन किया गया और प्राइमरी पाठशाला हर्रा अहमदपुर जलाल के बच्चों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। धामपुर शुगर मिल की ओर से बच्चों और ग्राम वासियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए मोबाइल हेल्थ कैंप आयोजित किया गया, जिसका उद्घाटन उप जिलाधिकारी महोदया ने फीता काट करके किया। इसके बाद तालाब पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पंडित सुनील शास्त्री के द्वारा पूजा-पाठ कर शिलापट का अनावरण करवाया गया। ग्राम प्रधान मौजमपुर जैतरा, श्री आदित्य वीर सिंह, ग्राम प्रधान गज्जूपुरा श्री इंद्रवीर सिंह, चौधरी अरुण प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में धामपुर शुगर मिल प्रबंधन के सामाजिक दायित्वों के तहत उपरोक्त सराहनीय कार्य के लिए आभार व्यक्त किया तथा धन्यवाद दिया। माननीया उप जिलाधिकारी, धामपुर ने अपने संबोधन में सभी ग्राम वासियों को तालाब की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की अपील की और धामपुर शुगर मिल प्रबंधन को इस नेक कार्य के लिए बधाई दी। इस अवसर पर धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष श्री निष्काम गुप्ता जी ने कहा कि धामपुर शुगर मिल सामाजिक दायित्व के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न कार्य को करने का बीड़ा धामपुर शुगर मिल ग्रुप के चेयरमैन कु0अशोक कुमार गोयल ने उठाया है उन्हीं के प्रेरणा पर धामपुर शुगर अपने मिल एरिया के दो गांवों में तालाबों की सफाई, सुंदरीकरण, वृक्षारोपण, 200 सोलर लाइट, 15 हैंड पंप स्थापित किए गए हैं, ग्राम वासियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु निशुल्क कैंप आयोजित किए जा रहे है जिसमें इस वर्ष अब तक लगभग 18,500 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण और उनको दवाइयां चश्मे आदि फ्री-आ? कास्ट दिए जा चुके हैं, यह कार्य पिछले 4 वर्षों से निरंतर चल रहा है एक कैंप पूरा हो जाने के बाद फिर अगले माह उसी गांव में डॉक्टर पुनः मोबाइल एंबुलेंस के साथ परीक्षण के लिए जाते हैं और उन्हें दवाइयां, उनकी बीमारी के अनुसार देकर के आते हैं। इस अवसर पर ग्राम हर्रा के चौधरी रवि पाल सिंह, राजवीर सिंह, मास्टर वीरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, प्रधान पति ओमपाल सिंह, सौरभ चौहान, जतिन चौधरी, बृजपाल सिंह, सुमित, रणवीर सहरावत, शमशाद हुसैन, अशोक कुमार आदि उपस्थित थे। प्राइमरी पाठशाला की प्रधानाचार्या श्रीमती ममता देवी एवं उनकी टीचिंग टीम ने बच्चों से कार्यक्रम प्रस्तुत कराकर चार चांद लगाए, धामपुर शुगर मिल की ओर से प्राइमरी पाठशाला के समस्त बच्चों को किताबें, कॉपियां पेंसिल, रबर, कटर, कलर की किट माननीया उप जिलाधिकारी महोदया के द्वारा तथा अन्य मंचासीन अतिथियों के द्वारा प्रदान की गई। स्कूल के उपयोग हेतु दरी व ट्यूबलाइट्स प्रधानाचार्या श्रीमती ममता देवी को सौंपी। धामपुर शुगर मिल के अधिकारियों कर्मचारियों श्री ओमवीर सिंह, विवेक सिंह यादव, स्मृति यादव, अरुण चौहान, भारत भूषण बरनी, शरद गहलोत, विनोद राणा, वीरेंद्र सिंह, अजय कुमार पांडेय, दिनेश राजपूत आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कारखाना महाप्रबंधक श्री विजय कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया।

# विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष व सचिवों के एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन




अमर भास्कर ब्यूरो

**स्योहारा।** ब्लॉक बुढ़नपुर में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं सचिवों के एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन ब्रहस्पतिवार 19 फरवरी को आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला का प्रारंभ खंड शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित मास्टर ट्रेनर हर्षवर्धन शर्मा, यादराम सिंह ,सपना सक्सैना और आभा शर्मा ने विद्यालय प्रबंध समिति के चयनित हुए उसके सदस्यों को उनके कर्तव्यो और दायित्वो के बारे में विस्तार से बताया। इसके अलावा मास्टर ट्रेनर हर्षवर्धन शर्मा ने शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के तकनीकी बिंदुओं एवं उनके क्रियान्वयन के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान आए प्रतिभागियों ने अपनी सहभागिता बनाए रखी। प्रशिक्षण के अंत में खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रतिभागियों का आभार जताते हुए उन्हें विद्यालय प्रबंध समिति के महत्व एवं वित्तीय दायित्व तथा संचालित विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार से अवगत कराया गया।

# त्यौहारों के दृष्टिगत थाना स्योहारा में अमन कमेटी की मीटिंग आयोजित




**भाईचारे एवं शांतिपूर्वक मनाये त्यौहारः डॉक्टर विनीत देवरा**

**स्योहारा( अमर भास्कर ब्यूरो)।** आने वाले होली के पर्व एवं चल रहे माह ए रमजान के त्यौहार को शांति व्यवस्था के साथ सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से थाना स्योहारा प्रांगण में कार्यवाहक थाना प्रभारी एवं इंस्पेक्टर क्राइम दिनेश सिंह व वरिष्ठ पुलिस उपनिरीक्षक सुरजीत सिंह ने अमन कमेटी का आयोजन कराया। अमन कमेटी की मीटिंग की अध्यक्षता शहर इमाम मौलाना मौहम्मद कामिल ने की तथा संचालन पत्रकार इकबाल रूमानी ने किया। थाना क्षेत्र से मीटिंग में आये अपने सभ्रांत लोगो ने अपने अपने वक्तव्य में उपस्थित सभी धर्मो के लोगो तथा क्षेत्र की जनता से कानून व्यवस्था बनाने की अपील करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से ही कानून व्यवस्था बनाई जाती है और भाईचारा कायम कराया जाता है उन्होंने विश्वास जताया कि हर साल की तरह इस बार भी यहां की जनता होली के रंग का जुलूस आपसी भाईचारे और प्रेम के साथ शांतिपूर्वक संपन्न कराएगी। क्योंकि स्योहारा का आपसी भाईचारा पूरे जनपद में मशहूर है। वहीं दूसरी ओर पुलिस अधिकारियों ने असामाजिक तत्वों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी ने भी रंग में भंग डालकर शान्ति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश की तो उसे किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होगी जिसको वे हमेशा याद रखेंगे। अमन कमेटी की मीटिंग में उपस्थित हुए व्यक्तियों ने भी शासन प्रशासन को होली और अन्य त्योहारो पर भी पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेता डॉक्टर विनीत कुमार देवरा, समाजसेवी एवं सभासद सहसपुर मुईद अहमद, मौलाना अरशद हक्की, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज भटनागर,डॉक्टर यगदत्त गौड, राजवीर त्यागी, मौ.अकरम सभासद, वसीम अहमद सभासद, मोन्टी बंसल, राजपाल सिंह प्रजापति, मास्टर विजय पाल, अरविंद कुमार, त्रिवेंद्रम शर्मा प्रधान राम खेड़ा, अमित वर्मा, केशव त्यागी, नवाब अली आदि सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्तियों सहित उपनिरीक्षक राजेश कुमार, उपनिरीक्षक सहसपुर चौकी प्रभारी यश देव शर्मा, उप निरीक्षक उमेश चंद, उप निरीक्षक असकार खान, उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार, चंद्रपाल सिंह इंटेलिजेंस प्रभारी स्योहारा, कानूनगो स्योहारा चंद्र प्रकाश, लेखपाल अनिल कुमार तथा हेड मोहर्रिर अंकित कुमार, कांस्टेबल लोकेश मलिक, कांस्टेबल अमजद अली आदि सहित अन्य पुलिस कर्मचारी गण स्टाफ मौजूद रहा।

# कैंप में 145 हज यात्रियों का टीकाकरण कर दी हज सफर ट्रेनिंग



नगीना( अमर भास्कर ब्यूरो)। जामा मस्जिद में एक कैंप हज पर जाने वाले हाजियों का टीकाकरण व प्रशिक्षण का अंजुमन फलाहुल हुज्जाज कमेटी नगीना की तरफ से हुआ। जिसमें लगभग हज पर जाने वाले 145 लोगों का टीकाकरण और प्रशिक्षण का कार्य पूर्ण हुआ। नगीना जामा मस्जिद मे एक कैंप हज पर जाने वाले हाजियों का टीकाकरण व प्रशिक्षण का अंजुमन फलाहुल हुज्जाज कमेटी नगीना की तरफ से किया गया। जिसमें लगभग हज पर जाने वाले 145 लोगों का टीकाकरण और प्रशिक्षण का कार्य पूर्ण हुआ। जिसमें जिला हज कमेटी से जिला हज ट्रेनर फहद अली खान और मोहम्मद शादाब ने हज और टीकाकरण का काम पूर्ण कराया। इस अवसर पर मुफ्ती ओवैस अकरम, मुफ्ती फहीम व मुफ्ती अबरार ने लोगों को हज के अरकान की पूरी जानकारी दी। इन कार्यों को पूरा करने में शहर इमाम मुफ्ती ओवैस अकरम, मुफ्ती अबरार, मुफ्ती फहीम, मुफ्ती फूज़ैल, नगर युवा समाज सेवी हाजी शेख तंजील आलम, तनवीर अख्तर बैतूलमाल वाले, डॉ. मोहम्मद शाकिर एडवोकेट, शहजाद मोहम्मद, सालिक रईस, नदीम अहमद, परवेज, डॉ. मुजम्मिल अजीम, फहीम टेंट वाले, हाफिज रफीक, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद हारुन, अहमद हसन अंसारी, नौशाद, मुफ्ती शाहिद, अब्दुल कादिर आदि ने किया।

# एसीएमओ ने पात्र परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के दिये निर्देश, यूपीएचसी में की समीक्षा बैठक



अमर भास्कर ब्यूरो

**स्योहारा।** उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर और आयुष्मान भारत योजना नोडल अधिकारी डॉ 0राजेंद्र विश्वकर्मा ने समस्त पात्र परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के निर्देश दिए तथा यूपीएचसी स्योहारा में समीक्षा बैठक भी की। आयुष्मान भारत योजना के तहत, बिजनौर के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी (डिप्टी सीएमओ) और आयुष्मान नोडल अधिकारी डॉ0 राजेन्द्र विश्वकर्मा ने बुधवार देर शाम को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा जनपद बिजनौर में समस्त स्टाफ मीटिंग में / बैठक के माध्यम से क्ह्रृ ऑपरेटर आईडी का उपयोग करके आयुष्मान कार्ड की प्रगति की समीक्षा की. इस दौरान उन्होंने सीएचसी स्योहारा अधीक्षक डॉ.बीके स्नेही को ब्लॉक के सभी बचे हुए पात्र लाभार्थियों के कार्ड शीघ्रता से बनाने और शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए गए है.कार्य में लापरवाही बरतने पर की जाएगी कड़ी कारवाही। किसी भी कर्मचारी को नहीं बख्शा जाएगा। इस दौरान डॉ विश्वकर्मा ने बताया कि ब्लॉक स्योहारा में 82248 लक्ष्य के सापेक्ष 50532 के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके है।31716 आयुष्मान कार्ड ब्लॉक में बनने बाकी रह गए है। इस सन्दर्भ में सरकार द्वारा 25 नवंबर 2025 से लगातार अभियान चलाया जा रहा है जो आगामी माह अप्रैल 2026 तक जारी रहेगा। इस दौरान पुनः समस्त नई पुरानी आशाओं को इस बावत प्रशिक्षण भी दिया गया। सभी को ट्रेनिंग के माध्यम से सभी पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड शीघ्र बनाने को निर्देशित किया गया।उन्हें मौहल्ले वार लिस्ट भी पोर्टल से निकाल कर मुहैया करवाई गई। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों एवं लाभार्थियों की श्रेणियां निम्नवत है। स्क्ष्ष्ट डेटा 2011में शामिल परिवार, फैमिली आइ डी होल्डर, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थी, लेबर कार्ड धारक, अंत्योदय राशन कार्ड धारक, मान्यता प्राप्त रजिस्टर्ड पत्रकार, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, एवं 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक ही आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के लिए पात्र हैं। इस दौरान सीएचसी स्योहारा अधीक्षक डॉ0 बीके स्नेही, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा प्रभारी डॉ मीनाक्षी सिसोदिया, बीपीएम शालिनी बिश्नोई, ए आर ओ आलोक कुमार, आयुष्मान मित्र शिवम चौहान, स्टाफ नर्स ममता, एल टी कल्पना, अंकुर कुमार समेत समस्त आशा और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

**तेजी लाने के निर्देशः** नोडल अधिकारी जी ने पात्र परिवारों का आयुष्मान कार्ड तेजी से बनाने का आदेश दिया है।
**पंजीकरण के तरीकेः** पात्र लोग अपने नजदीकी सरकारी या सूचीबद्ध निजी अस्पताल जा सकते हैं, या खुद आयुष्मान ऐप (गूगल प्ले स्टोर से) या beneficiary.nha.gov.in वेबसाइट के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं.
**आवश्यक दस्तावेजः** आवेदन के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड और मोबाइल नंबर की आवश्यकता होती है, और आधार डेटा का पोर्टल से मिलान होना अनिवार्य है.
**विशेष अभियानः** 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान वय वंदना कार्ड के पंजीकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है।
**हेल्पलाइनः** किसी भी प्रकार की समस्या के लिए 14555 या 1800-111-565 पर संपर्क किया जा सकता है।

# समझौते के बाद खुला सर्राफा बाजार, लौटी रौनक

## डॉ. एनपी सिंह और सर्राफा व्यापारी के बीच हुए मामले का पटाक्षेप




अमर भास्कर ब्यूरो

**धामपुर।** हिंदू युवा वाहिनी के मंडल प्रभारी रहे डॉ. एनपी सिंह और सर्राफा व्यापारी विनीत कुमार बंसल के बीच सड़क निर्माण को खेत से मिट्टी उठाने को लेकर हुए विवाद का आपसी सहमति के बाद पटाक्षेप हो गया है। समझौता होने के बाद व्यापारियों ने दो दिन से बंद सर्राफा बाजार को खोल दिया है।

कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता होने की बात कही है। गौरतलब है कि बीते तीन दिन पहले नगीना मार्ग स्थित धामपुर थाना क्षेत्र के पीपलसाना गांव में श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल को जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य पीडब्ल्यूडी द्वारा कराया जा रहा है। सड़क निर्माण के दौरान खेत से मिट्टी उठाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया। मेडिकल कॉलेज हिंदू युवा वाहिनी के निवर्तमान मंडल प्रभारी डॉ. एनपी सिंह का है। सड़क पर मिट्टी डालने को लेकर डॉ. एनपी सिंह और खेत स्वामी सराफा व्यापारी विनीत बंसल के बीच मारपीट हो गई थी। विनीत कुमार बंसल ने डॉ. एनपी सिंह को नामजद कर अज्ञात चार/पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। डॉ. एनपी सिंह के चालक दीपराज ने भी विनीत कुमार बंसल पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। धामपुर सर्राफा व्यापारियों ने इसके विरोध में सोमवार को सर्राफा बाजार बंद कर दिया। सर्राफा संघ के पदाधिकारियों ने विनीत बंसल के समर्थन में प्रदर्शन किया और नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर दो दिन तक बाजार बंद रख प्रदर्शन किया। मामले को लेकर मंगलवार देर रात आपसी सहमति के बाद विवाद का पटाक्षेप हो गया है। डॉ. एनपी सिंह ने बताया कि मामले में उनकी विनीत कुमार बंसल के बड़े भाई विभु बंसल के घर पर वार्ता हुई। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने एक दूसरे की गलती को स्वीकारा और आपसी भाईचारा बनाए रखने की बात कही। धामपुर सराफा संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र रस्तोगी ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल के हस्तक्षेप से दोनों पक्षों के बीच हुए ग्राम अरुण कुमार अग्रवाल सर्राफ विवाद को समाप्त करा दिया गया है। इसके बाद सर्राफा व्यापार संघ ने सामान्य दिनों की भांति सर्राफा बाजार खोलकर अपना कारोबार शुरू कर दिया है। दो दिन के बाद सर्राफा बाजार खुलने से चहल कदमी देखी गई।

# कार-बाइक की टक्कर में चार लोग गम्भीर रूप से घायल




अमर भास्कर ब्यूरो

नगीना। तेज गति के वाहनों से होने वाली दुर्घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है इसके चलते आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम सराय डैडेम्बर निवासी महबूब अली हसन का 19 वर्षीय पुत्र रिहान व नाजिर का पुत्र मोहम्मद आमिर 17 वर्ष, अनवार का पुत्र शारूख 18 वर्ष बुधवार की दोपहर थाना बढ़ापुर क्षेत्र के ग्राम रहमापुर के किसान इंटर कालेज से हाईस्कूल बोर्ड की परिक्षा देकर तीनों चचेरे तहेरे भाई एक ही बाइक पर सवार होकर तेज रफ्तार बाइक से अपने गांव नगीना कोतवाली रेलवे फाटक से होकर जा रहे थे। जब उनकी बाइक सहकारी कताई मिल के पास लगभग दोपहर 12 बजे पहुंची तो थाना नूरपुर क्षेत्र के ताजपुर निवासी राजेश यादव पुत्र छोटेलाल यादव जोकि अपनी कार को एक गैराज में ठीक कराने के लिए मोड़ रहे थे। तभी उक्त युवकों की तेज रफ्तार बाइक का संतुलन बिगड़ने के कारण बाइक व कार की जबरदस्त टक्कर हो गई। बाइक सवार तीनों तहेरे चचेरे भाई व कार स्वामी गम्भीर रूप से घायल हो गए। चारों घायलों को तुरंत नगीना सीएचसी लोगों ने उपचार के लिए पहुंचाया जहां पर सीएचसी प्रभारी डॉ विशाल दिवाकर की देखरेख में उनकी टीम ने आनन-फानन में सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिया। घटना की सूचना मिलते ही थाने के दरोगा भी अपनी टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। जहां पर पुलिस ने दोनों पक्षों के हालचाल जाने। आज सुबह 8 बजे खबर भेजें जाने तक यह जानकारी नहीं मिल पाई थी दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट की तहरीर पुलिस को लिखकर दी या आपस में दोनों पक्षों का समझौता हुआ।

**नौजवान लहराते हैं बाइकें, पुलिस खामोश**

नगीना-हरेवली-बढ़ावाला रोड स्थित छत्रपति शिवाजी पुलिस चौकी पर नहीं रहता है कोई भी पुलिस कर्मी तैनात। उक्त सड़क पर परीक्षार्थी बेखौफ होकर बाइक पर तीन-तीन, चार-चार सवार होकर बाइकों लहराते हुए दौड़ा रहे हैं। जिससे हर समय उक्त सड़क से गुजरने वाले पैदल राहगीरों व बाइक सवारों को सड़क दुर्घटना का डर सता रहा है।

**बड़ी घटना की भी बनी संभावना**

यदि समय रहते हुए स्थानीय पुलिस ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया तो नगीना हरेवली बढ़ावाला रोड पर किसी भी समय बड़ी सड़क दुर्घटना घटने से जा सकती है किसी की भी जान।

# कैंसर की जांच को काशीरामपुर में पहुंची टीम, हैंडपंप से पानी के लिए सैंपल




अमर भास्कर ब्यूरो

**नांगल सोती।** मंडावली क्षेत्र के ग्राम काशीरामपुर में कैंसर के बढ़ते मामलों और 25 से अधिक मौतों की खबर के बाद प्रशासन हरकत में आया है। नजीबाबाद तहसील प्रशासन की एक टीम ने गांव का दौरा किया और पीड़ितों के परिजनों से मुलाकात की। यह कार्रवाई जिसमें गांव में कैंसर से 25 लोगों की मौत और छह अन्य के पीड़ित होने का उल्लेख किया गया था। इसके बाद प्रशासन ने जांच के लिए एक टीम गठित की थी। एडीओ कृषि विकास कुमार, हल्का लेखपाल अजब सिंह सैनी और सचिव महेश कुमार ग्राम सचिवालय पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को बुलाकर कैंसर पीड़ितों के बारे में जानकारी जुटाई। ग्रामीणों ने गांव में कैंसर से लगातार हो रही मौतों की पुष्टि की। लेखपाल अजब सिंह सैनी ने कैंसर से पीड़ित छह परिवारों के घरों का दौरा कर विस्तृत जानकारी हासिल की। निगम से लैब टेक्नीशियन विशाल कुमार ने जांच के लिए छह सरकारी हैंडपंपों से पानी के नमूने भी लिए। इन नमूनों की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी। ग्रामीण चंद्रशेखर, प्रदीप शर्मा, मगरूर अहमद और निसार सहित अन्य ग्रामीणों ने जांच टीम के सामने अपनी चिंताएं व्यक्त कीं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस जांच से कैंसर के कारणों का जल्द पता चलेगा और बचाव के उपाय किए जा सकेंगे।

# जेवरात लूटने वाले लूटेरों को पुलिस ने मुठभेड़ में पकड़ा

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** फरह में कुण्डल लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले लुटोरों को पुलिस ने देर रात मुठभेड़ के दौरान घायल कर गिरफ्तार किया है। घटना में आरोपी रवि को पुलिस पहले की पकड़ चुकी है। सीओ रिफाइनरी अनिल कपरवान ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से आगरा और मथुरा के फरह क्षेत्र में कुंडल लूट की घटनाएं हो रही थीं, जिसमें अपराधी अलग-अलग वाहनों का इस्तेमाल कर रहे थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कार्य कर रही फरह पुलिस टीम ने ईशान कॉलेज के पास घेराबंदी की, तो वांछित



अभियुक्त गांव सूमपुरा निवासी महेंद्र ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में अभियुक्त घायल हो गया, जिसे उपचार को अस्पताल भेजा गया है। अभियुक्त के पास से लूट के चार हजार रुपये, एक तमंचा, कारतूसऔर वारदात में प्रयुक्त टेंपो बरामदहुआ है। इसके साथी और शातिरअपराधी रामजीत की तलाश में दबिश दी जा रही है। उसके आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है तथा विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# मस्जिद हटाकर मंदिर निर्माण कराने तक जारी रहेगा संघर्ष

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** भांडीरवन में आयोजित धार्मिक सभा श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुद्दे को लेकर जनसमर्थन जुटाने का मंच बन गई। कार्यक्रम में पहुंचे हिंदू पक्षकार एवं अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि उनका लक्ष्य किसी प्रकार का टकराव नहीं बल्कि कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से जन्मभूमि के वास्तविक गर्भगृह स्थल पर मंदिर निर्माण कराना है। उन्होंने कहा कि देश की दिशा तभी बदलेगी जब धार्मिक और सांस्कृतिक संस्थाएं सशक्त होंगी। जन्मभूमि प्रकरण को केवल अदालत तक सीमित न रखते हुए समाज तक ले जाने के उद्देश्य से जनसंवाद अभियान चलाया जा रहा है। चलो गांव की ओर और श्री कृष्ण



जन्मभूमि मुक्ति ज्योति यात्रा के माध्यम से लोगों से संपर्क कर समर्थन जुटाया जा रहा है, जिसका विस्तार देश से बाहर भी ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी और अमेरिका तक पहुंच चुका है। सभा में मौजूद लोगों से जब पूछा गया कि कौन-कौन जन्मभूमि स्थल के दर्शन कर चुका है तो बड़ी संख्या में लोगों ने हाथ उठाकर प्रतिक्रिया दी। वक्ताओं ने ऐतिहासिक संदर्भों का उल्लेख करते हुए दावा किया कि विभिन्न आक्रमणकारियों के समय मंदिर ध्वंस के प्रमाण मिलते हैं तथा परकोटे की दीवारों पर आज भी धार्मिक प्रतीक चिन्ह दिखाई देते हैं। उन्होंने पुरातत्व सर्वे की मांग दोहराते हुए कहा कि वैज्ञानिक जांच से तथ्य स्पष्ट हो सकते हैं। महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उपलब्ध ऐतिहासिक आधारों पर 23 दिसंबर २०२० को न्यायालय में वाद दायर किया गया था, जिसके बाद शुरू हुआ कानूनी संघर्ष अब व्यापक जन आंदोलन का रूप लेता जा रहा है। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण तक शांतिपूर्ण अभियान जारी रहेगा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों से वास्तविक गर्भगृह स्थल पर मंदिर निर्माण के समर्थन में राय ली गई, जिस पर सभी ने हाथ उठाकर सहमति जताई और आ गए हैं अवध बिहारी, अब आएंगे कृष्ण मुरारी के जयघोष लगाए। श्रद्धालुओं को मंदिर निर्माण में सहयोग और सनातन परंपरा की रक्षा का संकल्प भी दिलाया गया।

# सिम्स हॉस्पिटल में लगा नि:शुल्क ईएनटी हेल्थ कैम्प

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, सिम्स हॉस्पिटल में नाक, कान एवं गलारोग से पीड़ित मरीजों के लिए एक नि:शुल्क ई.एन.टी. हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। इस हेल्थ कैम्प में वरिष्ठ ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु जैन और डॉ. नीलम प्रजापति ने लगभग 5० से अधिक मरीजों को नि:शुल्क परामर्श दिया। इसके साथ ही ओडियोमैट्री (आवाज की जाँच), रेडियोलॉजी एवं पैथोलॉजी जाँचों पर 3० प्रतिशत की छूट दी गयी। फ्री हेल्थ कैम्प में ज्यादातर कान से कम



सुनना, कान में पानी की समस्या, नाक की हड्डी टेढ़ी होना, मुँह में छाला, गले में गाँठ, कान का फटा पर्दा और साइनस की समस्या के मरीज देखे गये। कैम्प में आये हुए उपस्थित लोगों ने सिम्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. गौरव भारद्वाज और डॉ. हिमांशु जैन एवं डॉ. नीलम प्रजापति का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सिम्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. गौरव भारद्वाज ने कहा कि नाक, कान और गला हमारे शरीर का बहुत महत्वपूर्ण अंग है, इनको स्वस्थ रखना हमारी जिम्मेदारी है। सिम्स हॉस्पिटल में सुबह 9:3० से शाम 5 बजे तक वरिष्ठ ईएनटी स्पेशलिस्ट डॉ. हिमांशु जैन और डॉ. नीलम प्रजापति मौजूद हैं। सिम्स हॉस्पिटल में ई.एन.टी. से सम्बंधित सभी समस्याओं का बेहतरीन इलाज किया जाता है, सिम्स हॉस्पिटल में 24 घण्टे सभी बीमारियों के विश्वस्तरीय इलाज के लिए अनुभवी चिकित्सक एवं अत्याधुनिक उपकरण मौजूद है। सिम्स है तो मुमकिन है।

# पानी की टंकी से टकराकर गोवर्धन ड्रेन में गिरी कार,

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** मगोर्रा थाना क्षेत्र के नगला देविया गांव के मोड़ पर बीती रात किसी अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दिए जाने के बाद अनियंत्रित होकर कार रजवाहे में जा गिरी। कार सवार चार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों और पुलिस की मदद से कार को बाहर निकला गया। मगोर्रा थाना क्षेत्र के गांव नगला देविया में बुधवार रात साढ़े आठ बजे बड़ा हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर मोड़ पर पानी की



टंकी से टकराने के बाद गोवर्धन ड्रेन में गिर गई। ड्रेन में पानी अधिक था। पूरी कार डूब गई। उसमें सवार चार लोग भी डूब गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीणों ने ड्रेन में छलांग लगाकर सभी को बाहर निकाला, लेकिन तब तक चारों की मृत्यु हो चुकी थी। ग्रामीणों का कहना है कि ड्रेन के पास मोड़ पर एक पानी की सीमेंट से बनी टंकी है। तेज रफ्तार कार इसी टंकी से टकरा गई और फिर अनियंत्रित होकर ड्रेन में घुस गई। ड्रेन में पानी अधिक था। पूरी कार पानी में डूब गई। ग्रामीणों ने शोर सुना तो कुछ ने ड्रेन में छलांग लगाई और कुछ ने पुलिस को सूचना दी। करीब 45 मिनट की मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने उन्हें बाहर निकाला, तब तक चारों की मृत्यु हो चुकी थी। ट्रैक्टर की मदद से रस्सी डालकर कार को ड्रेन से बाहर निकाला गया।

## सार-संक्षेप

### ईरान पर सैन्य कार्रवाई से पहले कूटनीति ही विकल्प



व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलाइन लेविट ने बुधवार को कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास ईरान के साथ परमाणु समझौते को लेकर सैन्य कार्रवाई करने से पहले कूटनीति ही पहला विकल्प है। लेविट ने मीडिया से बातचीत में ईरान को चेताया और कहा कि ईरान के लिए ट्रंप के साथ समझौता करना समझदारी होगी।जब उनसे ईरान पर संभावित सैन्य कार्रवाई के बारे में पूछा गया, तो लिविट ने कहा, ईरान पर हमला करने के लिए कुछ तर्क दिए सकते हैं। राष्ट्रपति ने ऑपरेशन मिडनाइट हैमर के तहत एक सफल अभियान चलाया था, जिसमें ईरान की परमाणु सुविधाओं को पूरी तरह नष्ट किया गया। राष्ट्रपति हमेशा स्पष्ट रहे हैं कि ईरान या किसी अन्य देश के साथ कूटनीति पहला विकल्प है और ईरान के लिए राष्ट्रपति ट्रंप के साथ समझौता करना समझदारी होगी। लिविट ने कहा, राष्ट्रपति ने कई लोगों, खासतौर से अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम से बातचीत कर रहे हैं। यह निर्णय अमेरिका और उसके लोगों के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुए लिया जाएगा। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि अमेरिकी सेना इस्राइल के साथ बातचीत में हैं, लेकिन किसी भी सैन्य कार्रवाई की पुष्टि नहीं की गई है। प्रेस सचिव ने कहा कि जिनेवा में ईरानी अधिकारियों के साथ बातचीत में प्रगति हुई है, लेकिन दोनों देशों के बीच कुछ मुद्दों पर अभी भी काफी दूरियां हैं। उन्होंने कहा, थोड़ी प्रगति हुई है, लेकिन कुछ मुद्दों पर हम अभी भी दूर हैं। हम उम्मीद करते हैं कि ईरान अगले दो हफ्तों में विस्तृत प्रस्ताव लेकर आएगा। राष्ट्रपति इस प्रक्रिया को लगातार देखेंगे। इस बीच, ट्रंप ने जिनेवा में होने वाली महत्वपूर्ण कूटनीतिक बातचीत से पहले ईरान को चेतावनी दी कि अगर समझौता नहीं हुआ तो गंभीर परिणाम होंगे। उन्होंने ईरान से कहा कि अगली बातचीत में समझदारी दिखाएं और जून 2०25 में कई गई बी-2 बमबारी की याद दिलाई। ईरानी सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेई ने भी ट्रंप को चेतावनी दी और कहा कि दुनिया की सबसे ताकतवर सेना को भी विनाशकारी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। खामेनेई ने एक्स पर एक पोस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति की सैन्य श्रेष्ठता के दावों को चुनौती दी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति बार-बार कहते हैं कि उनके पास दुनिया की सबसे मजबूत सेना है। सबसे मजबूत सेना भी कभी-कभी इतनी भारी चोट खा सकत है कि फिर उठ नहीं सकती। अमेरिकी नौसैनिक मौजूदगी बढ़ने पर उन्होंने कहा कि अमेरिकी हथियार ईरानी मुकाबले के लिए कमजोर हैं। खामनेई ने कहा, अमेरिकी लगातार कहते हैं कि उन्होंने ईरान की ओर युद्धपोत भेजा है। युद्धपोत खतरनाक है, लेकिन उससे भी खतरनाक वह हथियार है जो उस युद्धपोत को समुद्र के तल तक भेज सकता है। ईरान और अमेरिका ने पिछली बार अप्रैल 2०25 में परमाणु वार्ता की थी।

# मंडलायुक्त, अपर पुलिस महानिदेशक ने अधिकारियों संग रंगोत्सव 2०26 को लेकर बैठक

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** तहसील गोवर्धन के अंतर्गत नगर पंचायत बरसाना में आयोजित विश्व प्रसिद्ध लडडू होली एवं लठामार होली की तैयारियों के संबंध में बरसाना स्थित लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन सभागार में अपर पुलिस महानिदेशक श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ, मंडलायुक्त नगेन्द्र प्रताप, पुलिस उप-महानिरीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। 24 फरवरी 2०26 को बरसाना में लडडू होली, 25 फरवरी




को बरसाना में लठामार होली तथा 26 फरवरी को नन्दगाँव में लठामार होली की व्यवस्थाओं के संबंध समीक्षा हुई। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने अवगत कराया कि बरसाना को 7 जोन व 18 सेक्टर में विभाजित किया गया है। बरसाना हेतु 56 पार्किंग स्थल तथा 94 बैरियर बनाए जा रहे है। 13 स्थलों पर स्वास्थ्य केंद्र तथा ०5 दो पहिया एम्बुलेंस लगाई जाएंगी। बरसाना में 5 वॉचटावर तथा 5 स्थानों पर अग्निशमन व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। अपर पुलिस महानिदेशक श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ ने सख्त निर्देश दिए कि सोशल मीडिया पर पैनी नजर बनाए रखे, 24 घंटे सोशल मीडिया पर निगरानी सुनिश्चित करे तथा अफवाह फैलाने वालों पर तत्काल कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मियों, स्वास्थ्य कर्मियों, विद्युत कर्मियों आदि के पास जारी करे तथा उन्हें यूनीक ड्रेस दी जाए, जिससे आसानी से उक्त कर्मचारी पहचान में आ जाए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि आवारा पशुओं को पकड़े तथा निराश्रित गौवंशों को गौशालाओं में पहुंचाए। उन्होंने सभी पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सभी अपने व्यवहार में विनम्र, सरल एवं सहज रहे। उन्होंने निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर पुलिस महानिदेशक ने निर्देश दिए कि पुलिस विभाग जगह जगह पर बैनर पोस्टर लगाए जिसमें महत्वपूर्ण नंबर प्रदर्शित हो, जैसे 1०9०, 193०, 112, कंट्रोल रूम नंबर आदि। अपर पुलिस महानिदेशक जी ने निर्देश दिए कि मेला क्षेत्र में एंटी रोमियो स्क्वाड को भी तैनात करे। मंडलायुक्त नगेन्द्र प्रताप ने निर्देश दिए कि समस्त जर्जर भवनों को हटाए, सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करे, नकली गंदाके मिकल युक्त रंग का प्रयोग पूर्णत: प्रतिबंधित करे, नकली गंदा केमिकल युक्त रंग को बेचने वालों पर कार्यवाही सुनिश्चित करें। समस्त ई-रिक्शा का चिन्हीकरण करते हुए उन्हें निर्धारित रूट दिया जाए। उन्होंने कहा कि सभी पार्किंग में प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, रैंप, साइनबोर्ड, पी०ए० सिस्टम आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। बैठक में अवगत कराया है कि जनपद मथुरा के विभिन्न प्रमुख मन्दिरों पर प्रकाश व्यवस्थाध्विद्युत सजावट का कार्य किया जा रहा है। फसाड लाईटिंग का कार्य श्रीराधारानी मन्दिर बरसाना तथा नन्द मन्दिर नन्दगाँव में किया जा रहा है।

# भारत ने बंद नहीं किया रूसी तेल खरीदना

**रूस।** की विदेश मंत्रालय ने बुधवार को स्पष्ट किया कि भारत के रूसी तेल खरीदने के रुख में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मंत्रालय ने कहा कि भारत द्वारा रूसी हाइड्रोकार्बन की खरीद दोनों देशों के लिए लाभकारी है और वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्थिरता बनाए रखती है। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने अपने साप्ताहिक ब्रिफिंग में कहा हमें कोई कारण नहीं है यह मानने का कि भारत ने रूसी हाइड्रोकार्बन की खरीद पर अपनी नीति बदली है। यह कदम दोनों देशों के लिए फायदेमंद है और अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार को स्थिर बनाए रखता है।



जखारोवा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा उठाए गए दावों को भी खारिज किया। उन्होंने कहा अमेरिका स्वतंत्र देशों को अपने अनुसार निर्णय लेने से रोकने का प्रयास कर रहा है। इसमें टैरिफ, प्रतिबंध और अन्य दबाव शामिल हैं। पिछले हफ्ते रुबियो ने दावा किया था कि भारत ने रूसी तेल की खरीद बंद करने का वचन दिया है। जबकि भारत ने अभी तक इस दावे की पुष्टि या खंडन नहीं किया है। इसके पहले भी रूस ने अमेरिका पर आरोप लगाया था कि वह भारत और अन्य देशों को रूसी तेल खरीदने से रोकने के लिए दबाव बना रहा है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बीच हुई फोन वार्ता के बाद दोनों देशों ने भारत पर अमेरिकी टैरिफ को 5० प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने की घोषणा की। इसमें अगस्त 2०25 में भारत के रूसी तेल खरीदने पर लगाया गया 25 प्रतिशत शुल्क भी हटाया गया। जखारोवा ने यूरोपीय देशों की आलोचना भी की, जिन पर उन्होंने कहा कि वे शांति समाधान नहीं चाहते। रूस और भारत के बीच ऊर्जा सहयोग लंबे समय से मजबूत रहा है और दोनों देश इसे वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता के लिए अहम मानते हैं।

# कराची में सिलेंडर धमाके से गिरी इमारत

पाकिस्तान के कराची में एक बड़ा हादसा हुआ है। दरअसल सिलेंडर धमाके के चलते कराची में एक रिहायशी इमारत गिर गई। इसके मलबे में दबकर 16 लोगों की मौत हो गई है। हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं। स्थानीय मीडिया ने पुलिस और स्थानीय बचाव दल के हवाले से यह जानकारी दी है। घटना कराची के सोल्जर बाजार के गुल राणा कॉलोनी इलाके स्थित एक घर में हुई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि यह धमाका गैस सिलेंडर लीक की वजह से हुआ था। यह घटना सुबह करीब 4:15 बजे, सहरी के समय हुई और गैस धमाका




बिल्डिंग के पहले फ्लोर पर हुआ। आपात सेवा ने मलबे से कई लोगों को बचाया है और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है। हादसे में छह महिलाओं और 4 बच्चों समेत कुल 16 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हो चुकी है। हादसे में 14 लोग घायल हैं। सिविल हॉस्पिटल के ट्रॉमा सेंटर के डायरेक्टर, डॉ. मोहम्मद साबिर मेमन के अनुसार, 13 शव उनके अस्पताल में लाए गए थे। तलाशी और बचाव ऑपरेशन जारी है। भीड़भाड़ वाला इलाका होने की वजह से प्रशासन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इमारत के काफी छोटे कमरे होने की वजह से बचाव दल को काफी परेशानियां उठानी पड़ीं। अधिकारियों का कहना है कि यह वैध बिल्डिंग नहीं थी, और अलग-अलग कमरों को जोड़ कर इमारत खड़ी कर दी गई थी। इसके पास मौजूद अन्य घरों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। पुलिस ने भी इलाके को घेरकर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता कर दी है। पाकिस्तान में एक अन्य घटना में ईरान-पाकिस्तान बॉर्डर के पास बलूचिस्तान के ताफ्तान में एक गैस प्लांट में जबरदस्त धमाके की घटना सामने आई है। धमाके की आवाज 1० किलोमीटर दूर तक सुनी गई। बताया जा रहा है कि धमाके के बाद 1०० से ज्यादा लोग गैस प्लांट के अंदर फंस गए हैं। पाकिस्तान में दो दिन पहले भी धमाके और गोलीबारी की जानकारी सामने आई थी, जिसमें दर्जनों घायल हो गए। उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में दो बम हमलों और पुलिस और विद्रोही लड़ाकों के बीच गोलीबारी में एक दर्जन से ज्यादा लोग मारे गए।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक: अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेल: amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2023/91022